52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 06.4°c | अधिकतम 23.8 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:08 सूर्यास्त-5:24 | वर्ष : 52/ अंक : 350 | बृहस्पतिवार, 19 दिसम्बर 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

देर से बोले जाने वाला सच, असत्य से अधिक हानिकारक होता है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

योगी आदित्यनाथ की भाषा कितनी अमर्यादित हो गई है,अगर आप सुन लें तो आपको भी गुस्सा आ जाएगा : अखिलेश यादव



आप उनकी बात समझे नहीं....या आपको पसन्द नहीं आयी ?.....



हमारे प्रिय

सादगी एवं सरलता की प्रतिमूर्ति

**टिकौला शुगर मिल्स लि.**

के

चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर

# श्री निधीश प्रकाश जी

(सुपुत्र स्व. लाला इन्द्र प्रकाश जी बाबरी वाले)

(9 अप्रैल 1945 - 9 दिसम्बर 2024)

## शोकाकुल परिवार

सिद्धि साधन स्वरूप (भाई)
सुधीश प्रकाश (भाई)
रविन्द्र कुमार (भाई)
अमित स्वरूप (पुत्र)
निरंकार स्वरूप (भतीजा)
राघव स्वरूप, शशांक स्वरूप (भतीजे)
प्रणव स्वरूप, कंदर्प स्वरूप (पौत्र)
स्कन्द स्वरूप, वेदांत स्वरूप (पौत्र)
कौस्तुभ स्वरूप (पौत्र)

**टिकौला शुगर मिल्स लिमिटेड**

2D/1, वकील रोड, नई मण्डी,
मुजफ्फरनगर-251001 (उ.प्र.)
फोन : 9412213204, 9412211122

# रस्म पगड़ी एवं भजन प्रार्थना

बृहस्पतिवार, 19 दिसम्बर 2024

ब्रह्मभोज : दोपहर 12:00 बजे

रस्म पगड़ी : दोपहर 02:00 बजे

स्थान

**वेदान्ता फार्म्स**

मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर।

52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 52/ अंक : 350 बृहस्पतिवार, 19 दिसम्बर 2024 पौष, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी सम्वत् 2081 मूल्य 3 रुपये



# किसान पंचायत में ही आमने-सामने आ गए दो संगठन, लगाए गम्भीर आरोप

**▸ चकबंदी, बिजली, पानी, टूटी सड़क, घटतौली पर हंगामा ▸ पूर्व में आने वाली समस्याओं के निदान न होने के लगाए आरोप**





## खुली बैठक में अफसरों के सामने यशवीर महाराज को धमकी

**मुजफ्फरनगर, 18 दिसंबर (बु.)।** हिंदू वादी नेता तथा बघरा आश्रम के स्वामी यशवीर महाराज को एक किसान नेता द्वारा खुले आम धमकी दिए जाने का मामला तूल पकड़ रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में यह धमकी दी गई। किसान दिवस की बैठक में उस समय मामला गर्मा गया जब भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज पहलवान ने विगत दिनों पुरबालियान में प्रधानपति शौकत ने एक मिस्त्री को मजदूरी मांगने पर बंधक बनाकर पीटने के मामले में प्रधानपति का पक्ष लेते हुए कहा कि 2013 के दंगों में इस महात्मा यशवीर ने शुरू किया था। इब फिर वो ही शुरूआत गांव का प्रधान, उसके बारे मैं ऐलान कर रा एक महात्मा यशवीर। अगर वो महात्मा उस दिन गांव में चला जाता तो आवै नी था गांव मैं सै। अगर कोई नूं सोचता हो कि मुसलमान कू नाम सै दबा लिया जागा तो मुसलमान दबैगा नी, जाट मरैगा इबकी बार। हालांकि नीरज पहलवान के इस बयान पर भाकियू अराजनीतिक के बुढ़ाना तहसील अध्यक्ष सुधीर पंवार ने खड़े होकर विरोध किया और कहा कि यह किसानों की बैठक है, इसे सांप्रदायिक ना बनाया जाए। इसके लेकर जमकर हंगामा हुआ। बाद में कुछ किसानों ने ही खड़े होकर लोगों को शांत किया। इस बैठक में वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

**मुजफ्फरनगर,18 दिसम्बर (बु.)।** योगी सरकार की पहल पर अन्नदाताओं की समस्याओं के समाधान की खातिर आयोजित किसान दिवस उस वक्त हंगामे की भेंट चढ़ते रह गया, जब जिला पंचायत सभागार में जारी बैठक के बीच किसानों के दो संगठनों के पदाधिकारी आमने-सामने आ गए। हालांकि कुछ देर कहासुनी के बाद समझाने से दोनों पक्ष शांत हो गए, तब फिर से अधिकारियों ने किसानों से जुड़ी समस्याओं को एक-एक कर सुना। किसान पंचायत में सर्वाधिक चकबंदी की प्रक्रिया, सिंचाई, बिजली के साथ गन्ना घटतौली, टूटी सड़क, रात्रि में ट्यूबवैलों पर बढ़ती चोरी के साथ गांव से शहर तक कुत्तों व बंदरों के आतंक से मुक्ति दिलाए जाने के मुद्दे चर्चा के केंद्र में रहे।

बुधवार को जिला पंचायत सभागार में किसानों की समस्याओं की सुनवाई और उनके निस्तारण के लिए किसान समाधान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न किसान संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं संग आम किसान भी पहुंचे। जिला पंचायत सभागार में किसानों की बढ़ती संख्या के बीच स्थिति ऐसी रही कि किसान नेताओं को सभाकक्ष में अफसरों के डायस के आगे नीचे फर्श पर बैठने को विवश होना पड़ा। इस बीच किसानों की समस्याओं को सुनने और उनका निस्तारण कराने की खातिर एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह और एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत मौजूद रहे। यहां कई बार अफसरों के समक्ष किसान नेता आक्रोशित दिखाई दिए और अफसरों पर किसानों की अनदेखी किए जाने के आरोप लगाए। बैठक में भाकियू टिकैत के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह पहलवान ने जिले में आपसी कुछ विवादों में साजिशन हिंदू-मुस्लिम कराने के आरोप लगाते हुए ग्राम पुरबालियान के राज मिस्त्री और प्रधान पति के प्रकरण को उठाया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ लोग सामाजिक ताने-बाने को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। जैसा इस विवाद को हिंदुओं के खिलाफ दर्शाते हुए हंगामा किया, वैसा कुछ हुआ ही नहीं था। नीरज पहलवान ने कहा कि ऐसी नफरत भरी सोच से सामाजिक विद्वेष बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हिन्दू पंचायतों के नाम पर सामाजिक भय पैदा करने का काम करते हुए पुलिस प्रशासन पर दबाव बनाते हैं और अफसर गलत कार्यवाही के लिए चल देते हैं। इसी बीच किसान नेता नीरज पहलवान की बातों पर भाकियू अराजनैतिक संगठन के तहसील बुढ़ाना अध्यक्ष सुधीर पंवार ने ऐतराज जताया और इसी को लेकर दोनों संगठनों के नेताओं के बीच बहस होने से वहां माहौल गरमा गया। काफी देर तक एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोपों के बाद में दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कर लिया गया। सभागार में नीरज पहलवान और भाकियू प्रदेश महासचिव धीरज लाटियान ने इस बात पर नाराजगी जताई कि पिछले किसान दिवस में उठाई गई समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया। इससे परेशानी खड़ी हो रही है। वहीं जिले में बिजली, चकबंदी के मामले ज्यादा लम्बित हैं। भैंसाना शुगर मिल ने इस सत्र का भुगतान शुरू नहीं किया है। पिछला बकाया भी नहीं मिल रहा है। किसान दिवस में किसानों के गलत बिजली बिल का समाधान कराने, संविदा कर्मचारियों द्वारा गांव में अवैध वसूली करने, गन्ना केंद्रों पर घटतौली, टेल तक पानी न आने से सिंचाई की समस्याओं के निदान के साथ पुरबालियान व बुड़ीना कलां में चकबंदी जैसे मामलों में कोई हल करीब चार दशक से लंबित रहने पर नाराजगी जताई। बैठक में एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि पुरबालियान में चकबंदी प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराने के लिए डीएम द्वारा छह टीमों का गठन कर दिया है। वहीं अन्य समस्याएं शीघ्र निदान के लिए संबंधित विभागों में भेजी जा रही हैं, ताकि समय से निदान हो सके। इस दौरान बैठक में एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, डीडी कृषि अधिकारी संतोष यादव, कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया, भाकियू जिलाध्यक्ष नवीन राठी, श्यामपाल पूर्व चेयरमैन, विदेश मोतला, भाकियू अराजनैतिक के अंकित चौधरी, सुधीर पंवार आदि मौजूद रहे।

# गेटवे ऑफ इंडिया के पास नाव हादसे में 13 की मौत, 101 बचाए गए



**मुंबई, 18 दिसंबर (एजेंसी)।** गेटवे ऑफ इंडिया के पास नौसेना जहाज के एलीफेंटा द्वीप जा रहे नीलकमल नामक एक यात्री जहाज से टकराने से बड़ा हादसा हो गया। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक इस हादसे में तीन नौसेने के जवान समेत कुल 13 लोगों की मौत होने की खबर सामने आ रही है। वहीं 101 अन्य यात्रियों को बचाए जाने की बात कही जा रही है। जबकि कई लोगों की तलाश अभी भी जारी है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा मुंबई के पास बुचर द्वीप पर नौसेना की एक नाव दोपहर करीब 3.55 बजे 'नीलकमल' यात्री जहाज से टकरा गई। शाम 7.30 बजे तक की जानकारी के अनुसार 101 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है और 13 लोगों की मौत हो गई है। 13 मृतकों में 10 नागरिक और 3 नौसेना के जवान हैं। उन्होंने कहा कि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें नौसेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 11 क्राफ्ट और 4 हेलीकॉप्टरों का उपयोग करते हुए नौसेना, तटरक्षक और पुलिस ने बचाव अभियान चलाया है। उन्होंने कहा कि लापता लोगों के बारे में अंतिम जानकारी कल सुबह उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री फडणवीस ने बोट हादसे में मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता घोषित की है। उन्होंने कहा कि यह राशि मुख्यमंत्री सहायता निधि से प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस घटना की विस्तृत जांच होगी। नौसेना के साथ पुलिस भी मामले की जांच करेगी। जानकारी के अनुसार नौका में लगभग 110 लोग सवार थे, हालांकि सटीक संख्या की पुष्टि नहीं हो पाई है। यह नौका मुंबई के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल एलीफेंटा द्वीप की ओर जा रही थी, जब करीब शाम 4 बजे एक छोटी नाव उससे टकरा गई और इसके बाद नौका पलट गई। घटना के तुरंत बाद जारी वीडियो में बचाव अभियान चलता हुआ दिखाया गया।

# दस बजे खुलेंगे आठवीं तक के स्कूल

## शीत लहर के चलते जिलाधिकारी ने दिए आदेश

**मुजफ्फरनगर, 18 दिसंबर (बु.)।** सर्दी का सितम बढ़ने के साथ जहां जन जीवन अस्त व्यस्त है, वहीं शीत लहर को देखते हुए जिले के आठवीं तक तमाम सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के खुलने और बंद होने का समय परिवर्तित कर दिया है। अब इन स्कूलों में शिक्षण कार्य दस बजे शुरू होगा तथा अवकाश तीन बजे होगा। इस बीच नगर में आज तापमान अधिकतम 23.8 तथा न्यूनतम 6.4 डिग्री दर्ज किया गया।

नगर समेत पूरे जनपद में शीत का प्रकोप लोगों को बेहाल कर रहा है, हालांकि गनीमत यह है कि दिन में कड़क धूप शीत लहर में राहत दे रही है। विगत एक सप्ताह से रात का पारा 6 और दिन का पारा 22 डिग्री के आसपास चल रहा है। अभी तक स्कूलों में सुबह को ठंड के समय कांपते हुए नौनिहाल पहुंच रहे थे। स्कूल नौ से तीन बजे तक खुल रहे थे। शीत प्रकोप को देखते हुए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने नौनिहालों की पीड़ा की सुध लेते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन का आदेश दिया है। बीएसए ने इस बाबत तमाम परिषदीय, मान्यता प्राप्त व सहायता प्राप्त और सभी बोर्डों के विद्यालयों को आदेशित किया है कि अग्रिम आदेशों तक आठवीं तक के तमाम स्कूलों में शिक्षण कार्य नौ के बजाय अब दस बजे शुरू होगा। इसके साथ ही अवकाश का समय भी तीन के बजाय अब चार बजे कर दिया



गया है। सभी स्कूलों को इन आदेशों का पालन कड़ाई से सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार ठंड का यह दौर अभी जारी रहेगा। तापमान में मामूली उतार चढ़ाव आ सकता है। अभी इसमें किसी बड़े बदलाव के संकेत नहीं हैं। पाला और कोहरा पड़ने की संभावना भी लगातार बनी है।




संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

**सम्पादक-अंकुर दुआ**

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail :

muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in

muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com


# बलीपुरा में चोरों का आतंक, दो घरों के ताले तोड़कर 55,000 की नकदी व लाखों के जेवर चोरी किए

**लाखों रुपये की सिगरेट चोरी के 24 घण्टे बाद ही चोरों ने दो मकानों को निशाना बनाया**





**मीरापुर, 18 दिसम्बर (बु.)।** मीरापुर क्षेत्र में चोरों का आतंक लगातार जारी है। होटल पर खड़े ट्रक से लाखों की सिगरेट चोरी होने की घटना को अभी 24 घण्टे भी नहीं बीते कि चोरों ने बलीपुरा में बंद पड़े दो मकानों को निशाना बनाते हुए वहाँ से ताला तोड़कर करीब 55,000 रुपये की नकदी व लाखों रुपये के सोने व चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से नागरिकों में पुलिस के प्रति रोष व्याप्त है।

गांव बलीपुरा मोहित पुत्र रमेश रात्रि में पेट्रोल पम्प पर कार्य करता है। मोहित ने कुछ समय पूर्व ही गांव के बाहरी छोर पर नया मकान बनाया है, जिसमें रात्रि में मोहित के पिता रमेश सोने के लिए आते है, जबकि परिवार के अन्य सदस्य गांव के अंदर बने पुश्तैनी मकान में रहते है। मंगलवार को मोहित के पिता रमेश खेतो पर कार्य करने गए थे तथा अधिक थकावट होने के कारण वह खाना खाने के बाद रात्रि में रमेश पुश्तैनी घर में ही सो गए तथा मोहित नए घर में ताला लगाकर अपने काम पर चला गया। इसी बीच चोरों ने रात्रि में उनके मकान का ताला तोड़कर वहाँ से करीब 40,000 रुपये की नकदी व करीब डेढ़ लाख रुपये की कीमत के अंगूठी, पायजेब, हार व अन्य जेवरात चोरी कर लिए, सवेरा होने पर जब मोहित घर पहुँचा तो ताला टूटा देख व सामान बिखरा देख उसके होश उड़ गए तो उसने शोर मचाया, जिसके बाद मौके पर भीड़ जमा हो गयी। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुँच गयी। वहीं दूसरी तरफ बलीपुरा में ही ईदगाह के समीप रहने वाला कय्यूम पुत्र गय्यूर अपनी पत्नी शाहिस्ता के साथ किला परीक्षितगढ़ के गांव जेई सियाल कोल्हू में काम करने गया हुआ है। उसके घर पर उसकी तीन बेटियां सोफिया, जोया व रुकैया रहती हैं। रात्रि में उक्त तीनों बहने कुछ ही दूरी पर रहने वाले अपने मामा उस्मान के घर सोने चली जाती हैं। रात्रि में चोर कय्यूम के घर का ताला तोड़कर घर में घुसे और वहाँ रखे सन्दूक व अलमारी का ताला तोड़कर वहाँ से 15,000 रुपये की नकदी व दो पुत्रियों के दहेज के लिए एकत्र किए गए हजारों रुपयों की कीमत के पायल,गले का हार, कानों के कुंडल, कड़े व अन्य जेवरात चोरी कर ले गए। सवेरा होने पर जब कय्यूम की पुत्री सोफिया अपने घर पहुँची, तो ताला टूटा देख व बिखरा पड़ा सामान देख उसे चोरी की जानकारी लगी, तो उसने शोर मचाया तो उसके मामा व अन्य वहाँ पहुँचे और पुलिस को घटना की सूचना दी। एक ही रात्रि में दो घरों में चोरी होने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है। लोगों में पुलिस के प्रति रोष व्याप्त है।

### गुल्लक के पैसे भी ले गए चोर

**मीरापुर। बलीपुरा निवासी कय्यूम की पुत्री सोफिया ने बताया कि वह मोतियों की माला बनाती है और उससे जो भी पैसे मिलते है, उन्हें मिट्टी की एक गुल्लक में जोड़कर रखती थी चोर उसकी गुल्लक फोड़कर उसमें रखें पैसे भी ले गए।**

### पड़ोसी के घर के बाहरी दरवाजे को रस्सी से बांधकर दिया चोरी को अंजाम

**मीरापुर। कय्यूम के घर चोरी करने आये चोरों ने उसके बराबर वाले घर के मुख्य द्वार पर बने कुंडे को रस्सी से बांध दिया था, ताकि अगर पड़ोसी जाग भी जाएं तो घर से बाहर न आ सकें और यदि वह शोर मचाते हैं चोर आसानी से भाग सकें।**

# जीएसटी चोरी के मामले में पूर्व विधायक शाहनवाज राणा की सुनवाई 20 दिसम्बर को

**मुजफ्फरनगर, 18 दिसम्बर (बु.)।** पूर्व सांसद कादिर राणा की फैक्ट्री में सैंट्रल जीएसटी टीम पर हमले के मामले में पूर्व विधायक शाहनवाज राणा को जमानत मिल चुकी है, मगर जीएसटी चोरी के मामले में आरोपी बनाए जाने में उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए सेशन कोर्ट में 20 दिसम्बर की तिथि नियत की गयी है।

जैसा कि सर्वविदित है कि 5 दिसम्बर को राणा चौक स्थित राणा स्टील में जीएसटी टीम पर हमला किया गया था। उक्त मामले में तभी से पूर्व विधायक शाहनवाज राणा व सद्दाम राणा जेल में हैं। लगातार तारीख पर तारीख लगाई जा रही हैं। मंगलवार को सीजेएम कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी, वहीं थाना सिविल लाइन पुलिस ने पांच दिन बाद सहायक आयुक्त राज्य कर प्रद्युम्न चौधरी की तहरीर पर फर्जी कम्पनी के नाम पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। इस मुकदमे में थाना सिविल लाइन पुलिस ने पूर्व विधायक शाहनवाज राणा को 120 बी का मुल्जिम बनाया था। मंगलवार को इस मुकदमे में पुलिस ने पूर्व विधायक को सीजेएम कोर्ट में तलब कराकर वारंट भी प्राप्त किये थे। बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल जिंदल व आफताब केसर ने बताया कि पूर्व विधायक की जमानत के लिए सीजेएम कोर्ट में अर्जी दाखिल की गयी थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। जमानत अर्जी खारिज होने पर बुधवार को सेशन कोर्ट में जमानत याचिका डाली गयी। अब जमानत अर्जी की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 20 दिसम्बर की तिथि नियत की है।

## सद्दाम राणा व इमरान राणा का रिहाई परवाना जारी

मुजफ्फरनगर। पांच दिसम्बर को राणा स्टील में सैंट्रल जीएसटी पर हमले के मुकदमे में सद्दाम राणा व इमरान राणा को कोर्ट में पहले से ही जमानत मिल चुकी है। अब जमानतियों के सत्यापन के बाद सीजेएम कोर्ट ने उनकी जेल से रिहाई के आदेश जारी कर दिये हैं। सम्भावना जताई जा रही थी कि बुधवार देर रात तक दोनों को रिहा कर दिया जायेगा, जबकि पूर्व विधायक शाहनवाज राणा अभी जेल में ही रहेंगे। समाचार लिखे जाने तक सद्दाम व इमरान की रिहाई की कोई सूचना मीडिया तक नहीं पहुंच पाई।

## प्रदेश में 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को मिलेगा आयुष्मान कार्ड

**लखनऊ,18 दिसम्बर (बु.)।** उत्तर प्रदेश में अब 60 वर्ष से अधिक की आयु के सभी लोग आयुष्मान कार्ड के पात्र होंगे। इस बाबत प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को पत्र जारी किया है। इसमें कहा गया है कि आयुष्मान धारक जन आरोग्य योजना के तहत जनगणना डाटा के तहत प्रदेश में 11.74 लाख ऐसे परिवार हैं जिनके सभी सदस्यों की आयु 60 वर्ष से ऊपर है। अब ये सभी लोग आयुष्मान योजना से आच्छादित होंगे तथा उन्हें आयुष्मान कार्ड जारी करने के आदेश जारी किये गए हैं।




## सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार की मौत

**जानसठ, 18 दिसम्बर (बु.)।** कोतवाली के निकट नेशनल हाईवे 709-एडी पर सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार एक अज्ञात व्यक्ति की अज्ञात ट्रक की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गयी। बुधवार को जानसठ कस्बे से होकर मुजफ्फरनगर की ओर जा रहे नेशनल हाईवे 709-एडी पर सड़क दुघर्टना में साइकिल सवार एक अज्ञात व्यक्ति की एक अज्ञात ट्रक की टक्कर लगने से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची जानसठ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया, वहीं दुर्घटना के दौरान बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गये। लोगों से पुलिस ने मृतक व्यक्ति की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पाई। गौरतलब है कि हाईवे के दोनों ओर अतिक्रमण लगातार बढ़ रहा है, जिस कारण आए दिन हाईवे पर एक्सीडेंट हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से हाईवे पर हो रहे अतिक्रमण को शीघ्र हटाने की मांग की है।



## सड़क दुर्घटना में घायल हुए किशोर की उपचार के दौरान हुई मौत, मचा कोहराम

**चरथावल, 18 दिसम्बर (बु.)।** कस्बे के खुसरोपुर मार्ग पर तीन दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल हुए किशोर की दिल्ली अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गयी। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। गमगीन माहौल में किशोर को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। चरथावल कस्बे के ग्राम खुसरोपुर मार्ग पर बाइक से चरथावल आते समय बाईक के आगे अचानक आवारा पशु आ जाने से चरथावल निवासी साजिद सैफी के 15 वर्षीय पुत्र रिहान सहित कई घायल हो गए थे, जिसमें रिहान की हालत गम्भीर होने के चलते चिकित्सकों ने मेरठ रैफर कर दिया था, लेकिन वहां से भी उसकी हालत गंभीर होने के चलते दिल्ली रैफर कर दिया गया था। रात्रि उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। गमगीन माहौल में किशोर को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।



## ट्रक की चपेट में आकर साइकिल सवार की मौत

**मुजफ्फरनगर, 18 दिसम्बर (बु.)।** मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव पुरबालियान के रहने वाले 54 वर्षीय कीर्तन पाल सुजडू में इंटरलॉक टाइल्स बनाने की फैक्ट्री में काम करता था। मंगलवार की शाम जब वह साइकिल पर सवार होकर वापस अपने गांव पुरबालियान लौट रहा था, तो वहलना कट पर कीर्तन पाल को एक ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया, जहां से गंभीर अवस्था में उसे बेगराजपुर मेडिकल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने मौत के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उक्त मामले में मृतक कीर्तन पाल के सुपुत्र तुषार ने थाना सिविल लाइन में ड्राइवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने ड्राइवर को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया।


ੴ ਸਤਿਗੁਰ ਪ੍ਰਸਾਦਿ॥
ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ ॥੧॥



आपको बडे दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी

**स० सिकन्दर सिंह सरां**

का स्वर्गवास दिन बृहस्पतिवार दिनांक 12.12.2024 को हो गया है वाहे गुरु जी की ऐसी ही इच्छा थी।

जिनकी अन्तिम अरदास दिनांक 19.12.2024 दिन बृहस्पतिवार को होनी निश्चित हुई है।

**कार्यक्रम**

दिन बृहस्पतिवार, दिनांक 19 दिसम्बर 2024

कीर्तन ........................................प्रातः 12.00 से 02.00 बजे

भोग ........................................दोपहर 02.00 बजे

कार्यस्थल : गुरूद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रोडवेज बस स्टैण्ड, मुजफ्फरनगर

**शोकाकुल परिवार**

स. सुखमिन्दर सिंह सरां (बडे भाई) स. गुरदीप सिंह सरां (पुत्र)

स. कुलदीप सिंह सरां (भतीजा) स. नवदीप सिंह सरां (पुत्र)

स. जगदीप सिंह सरां (भतीजा) स.सुखविन्दर सिंह ग्रेवाल (दामाद)

एवं समस्त जी0एन0आर0 ट्रान्सपोर्ट परिवार

-: प्रतिष्ठान:-

गाँधी कॉलोनी, गली नं0 11 वर्मा पार्क, मुजफ्फरनगर

मो0नं0 : 7500100081, 9412211481



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## अमित शाह, खड़गे और प्रियंका

संसद इन दिनों संविधान पर चर्चा और चर्चा के दौरान हंगामे में व्यस्त है। सोशल मीडिया पर संसद की कार्रवाई के छोटे-छोटे वीडियो बना कर डाले जा रहे हैं, उनमें से कुछ तेजी से वायरल हो रहे हैं। अमित शाह के भाषण के अंश को काटकर वायरल किया गया और खड़गे ने उसे अपने रंग में रंग कर पेश कर दिया, उसके बाद कांग्रेस ने पूरा हंगामा किया। मामला ने इतना तूल पकड़ा कि अमित शाह को प्रेस कांफ्रेस करनी पड़ी। प्रियंका की फिलस्तीन वाले थैले के साथ वाली फोटो वायरल हो रही है। अमित शाह ने संसद में मुस्लिम पर्सनल लॉ पर कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ की बात होती है, तो उसमें अपराध को क्यों नहीं लिया जाता, अपराध के लिए भारतीय न्याय संहिता और बाकी के लिए मुस्लिम पर्सनल लॉ। अपराध में भी मुस्लिम पर्सनल लॉ लागू करो, चोरी पर हाथ कटें, व्यभिचार पर पत्थर मार-मार कर मारा जाए, नहीं भारत में एक देश एक कानून होना चाहिए। अमित शाह ने कांग्रेस पर तीखे कटाक्ष किए इतने तीखे कि कांग्रेसी नेता घंटों बाद भी बिलबिला रहे हैं। प्रेस कांफ्रेस में भी उन्होंने वही बातें कही, जो संसद में कही थी। उन्होंने कहा कि मैं सपने में भी बाबा साहेब का अपमान नहीं कर सकता। मेरे इस्तीफे से मल्लिकार्जुन खड़गे की दाल नहीं गलेगी। कल पत्रकारों से बात करते हुए खड़गे ने कहा था कि जब अमित शाह डॉ. बीआर अंबेडकर के बारे में बोल रहे थे, उन्होंने कहा था कि आप लोग 100 बार अंबेडकर का नाम लेते हैं, अगर आप इतनी बार भगवान का नाम लेते, तो 7 बार स्वर्ग में जाते। इसका मतलब है कि बाबा साहेब अंबेडकर का नाम लेना गुनाह है और इनका इरादा बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान का विरोध करना था। मैंने इसका विरोध किया, लेकिन मुझे मौका नहीं दिया गया। हालांकि बाबा साहेब अंबेडकर पर सदन की कार्यवाही चल रही थी, इसलिए हम सभी ने खामोश रहने का फैसला किया। आज हम सभी पार्टी के नेताओं ने एक होकर इस पर सवाल उठाया। अमित शाह ने बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किया है, वो गलत है। मैं उनके इस्तीफे की मांग करता हूं। यह मामला इतना बढ़ा हुआ है कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने भी एक्स पर पोस्ट किए। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने लिखा कि संसद में गृह मंत्री ने डॉ. आंबेडकर का अपमान करने और एससी-एसटी समुदायों की अनदेखी करने के कांग्रेस के काले इतिहास को उजागर किया। कांग्रेस इससे स्पष्ट रूप से आहत और स्तब्ध है। यही कारण है कि वे अब नाटकबाजी कर रहे हैं। दुख की बात है। लोग सच्चाई जानते हैं। उन्होंने 'एक्स' पर एक के बाद एक कई ट्वीट कर कहा कि अगर कांग्रेस और उसका बेकार हो चुका तंत्र यह सोचता है कि उनके दुर्भावनापूर्ण झूठ उनके कई सालों के कुकर्मों खासकर डॉ. अंबेडकर के प्रति उनके अपमान को छुपा सकते हैं, तो वे बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं। भारत के लोगों ने बार-बार देखा है कि कैसे एक वंश के नेतृत्व वाली एक पार्टी ने डॉ. आंबेडकर की विरासत को मिटाने और एससी-एसटी समुदायों को अपमानित करने के लिए हर संभव गंदी चाल चली है। प्रेस कांफ्रेस में अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने खुद को भारत रत्न दिया है। वह सच सामने आने पर भ्रम फैला रहे हैं। इस दौरान उन्होंने पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर गांधी परिवार तक पर निशाना साधा और इतिहास की कई घटनाएं बताकर कांग्रेस को अंबेडकर विरोधी साबित करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी चिर-परिचित पुरानी नीति पर उतर आई है। कांग्रेस ने मेरा अधूरा बयान फैलाकर भ्रम फैलाने की कोशिश की है। अमित शाह के समर्थन में चिराग पासवान ने भी कांग्रेस पर निशाना साधा है। चिराग पासवान ने कहा है कि आज कांग्रेस बाबा साहेब के सम्मान को लेकर चिंता जता रही है, लेकिन ये वही कांग्रेस है, जिसने बाबा साहेब अंबेडकर को जीवित रहते उन्हें सम्मान देना जरूरी नहीं समझा। कांग्रेस ने संसद में उनकी तस्वीर लगाना भी जरूरी नहीं समझा। कांग्रेस सिर्फ दिखावा कर रही है। आज कांग्रेस सिर्फ होड़ में है, क्यों? क्योंकि आज प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र की एनडीए सरकार ने भीमराव अंबेडकर के जीवन से जुड़ी प्रमुख घटनाओं को विकसित करने और पहचान दिलाने का काम किया है, जब तक कांग्रेस सत्ता में थी, वो बाबा साहेब का नाम भूल गई थी। प्रियंका गांधी के बैग को लेकर भी सियासत चल रही है। प्रियंका की फिलस्तीन वाले थैले के साथ वाली फोटो खूब वायरल है। उनके संसद में दिए भाषण की वो क्लिप भी वायरल हो रही है, जिसमें वे बोलते हुए अटक रही हैं। प्रियंका गांधी संसद में फिलीस्तीन के समर्थन वाला थैला लेकर पहुंची थी, उनकी तस्वीर तेजी से वायरल हुई बहुत से कमेंट्स आए नेताओं ने भी टिप्पणी की, इसको लेकर हरियाणा के नेता अनिल विज ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कोई नई बात नहीं है, अक्सर जो मॉडलिंग करते है, उनके हाथ में कुछ न कुछ पकड़ा दिया जाता है, उसी प्रकार प्रियंका गांधी ने यह बैग उठा लिया है। प्रियंका गांधी संसद में फिलीस्तीन के समर्थन वाला थैला लेकर पहुंची थी, उनकी तस्वीर तेजी से वायरल हुई बहुत से कमेंट्स आए नेताओं ने भी टिप्पणी की,इसको लेकर हरियाणा के नेता अनिल विज ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कोई नई बात नहीं है अक्सर जो मॉडलिंग करते है उनके हाथ में कुछ न कुछ पकड़ा दिया जाता है, उसी प्रकार प्रियंका गांधी ने यह बैग उठा लिया है। फिलीस्तीन के बैग का बीजेपी ने विरोध किया था और कहा था कि प्रियंका और कांग्रेस को बांग्लादेश के हिंदुओं का दर्द नहीं दिखता है। शायद यही कारण था कि प्रियंका गांधी संसद में बांग्लादेश के हिंदुओं और ईसाइयों के समर्थन वाला बैग लेकर पहुंचीं। इस बैग पर लिखा था, बांग्लादेश के हिंदुओं और ईसाइयों के साथ खड़े हो। प्रियंका के फिलस्तीनी बैग पर पाकिस्तान में भी हलचल है। पाकिस्तानी नेता फवाद चौधरी ने एक्स पर लिखा कि जवाहरलाल नेहरू जैसे महान स्वतंत्रता सेनानी की पोती से हम और क्या उम्मीद कर सकते हैं? बौनों के बीच प्रियंका गांधी तनकर खड़ी हैं, यह शर्म की बात है कि आज तक किसी पाकिस्तानी संसद सदस्य ने ऐसा साहस नहीं दिखाया है। प्रियंका गांधी के फिलिस्तीन बैग पर संबित पात्रा ने कहा कि गांधी परिवार हमेशा ही से तुष्टीकरण का बैग ढोता रहा है और चुनावों में उनकी हार का कारण तुष्टीकरण का बैग ही है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'झूट' 'मेकअप' 'शैतान' 'हीरा'

झूट को फैलाइये इतना कि सच झूटा लगे,
ऐसा मेकअप कीजिये शैतान भी अच्छा लगे।
है बनावट का समय ये है दिखावे का समय,
हो बनावट में वो दम के ,कांच भी हीरा लगे।




जय सच्चिदानन्द
अत्यन्त दुःख के साथ सूचित कर रहे हैं कि
मेरी प्रिय पुत्रवधु
श्रीमति पूनम धमीजा
(धर्मपत्नी प्रेम धमीजा)
का आकस्मिक निधन
दिनांक 9 दिसम्बर 2024
दिन सोमवार को हो गया है,
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

-: रस्म पगड़ी :-
आज दिनांक
19 दिसम्बर 2024
दिन- गुरुवार
समय- 2:00 से 3:00 बजे
-: स्थान :-
बारात घर
गांधी कॉलोनी, पचैण्डा रोड
मुजफ्फरनगर

-: शोकाकुल परिवार :-
अमरलाल धमीजा- कैलाश धमीजा (ससुर-सास)
सुरेश धमीजा- सोनिया धमीजा (देवर-देवरानी)
सम्पन्न धमीजा (पुत्र)
अतुल, विपुल धमीजा (भतीजे)
विभु - अर्पित भाटिया (पुत्री-दामाद)
सुचेता - ऋषभ डाबर (पुत्री-दामाद)
एवं समस्त धमीजा परिवार

-: प्रतिष्ठान :-
समीर फुटवियर, आर्यपुरी, मुजफ्फरनगर
सुचेता सिल्क मिल्स, सूरत

सम्पर्क सूत्र - 9358565600
8791330400


# शुक्रतीर्थ-हैदरपुर के विकास कार्यों के लिए मिली स्वीकृति

## - महायोजना-2031 को पंख लगाने की दिशा में बढ़े कदम - पीएम आवास योजना शहरी के विकास को बनी सहमति



मुजफ्फरनगर,18 दिसम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर व शामली में विकास प्राधिकरण सुनियोजित विकास की खातिर महायोजना- 2031 लागू कराने में जुटा है। एमडीए मुजफ्फरनगर जिले में इस महायोजना के लिए 300 वर्ग किमी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र को शामिल किया गया है, जिसमें 40 प्रतिशत भूमि आवासीय क्षेत्र के लिए चिन्हित की है। बुधवार को एमडीए सभागार में मंडलायुक्त सहारनपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई बोर्ड बैठक में इस योजना का प्रेजेंटेशन किया गया। योजना के तहत काली नदी क्षेत्र में हरित पट्टी विकसित करने के प्रस्ताव के साथ नगरीय क्षेत्र में योजना के तहत सुनियोजित विकास के लिए महायोजना-2031 का भी खाका खींचा है। मेरठ रोड पर एसडीए सभागार में 55वीं बोर्ड बैठक मण्डलायुक्त सहारनपुर एवं अध्यक्ष एमडीए की अध्यक्षता में बुधवार को संपन्न हुई। एमडीए के सभागार में संपन्न 54वीं बोर्ड बैठक की पुष्टि करते हुए अधिकारियों ने मुजफ्फरनगर के शुक्रतीर्थ व हैदरपुर के विकास कार्यों के लिये बजट का आवंटन करते हुए विकास को पंख लगाने को मुजफ्फरनगर महायोजना-2031, शामली महायोजना-2031 तथा जनपद मुजफ्फरनगर के ग्राम जड़ौदा में विकसित हो रही न्यूमैक्स टाउनशिप के भू-उपयोग परिवर्तन प्रस्ताव व डीपीआर के साथ, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत भोपा रोड बाईपास क्रॉसिंग योजना में बाह्य विकास कार्य एवं पेट्रोल पम्प/फिलिंग स्टेशन में संशोधनों को अंगीकृत किये जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति की मुहर लगाई गई। मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के शामली विकास क्षेत्र शामली के नये कलेक्ट्रेट में पार्क विकसित करने के प्रस्ताव, महायोजना-2031 (प्रारूप) के चरणबद्ध विकास क्रियान्वयन हेतु प्राधिकरण द्वारा जोनल प्लान तैयार कराने आदि के प्रस्तावों पर बोर्ड अनुमोदन प्रदान किया गया। वहीं नगरीय अवस्थापना की बैठक में मुजफ्फरनगर के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत कुल अनुमानित लागत 15 करोड़ रुपए के निर्माण एवं विकास कार्यों पर स्वीकृति प्रदान की गयी। इस बैठक में मुजफ्फरनगर डीएम उमेश मिश्रा, शामली के डीएम, एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीणा, एमडीए सचिव आदित्य प्रजापति के साथ चीफ कोर्डिनेटर प्लानर एनसीआर पालिका की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन सहारनपुर, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, जल निगम, प्राधिकरण के बोर्ड सदस्य शरद शर्मा, श्रीमोहन तायल, गजे सिंह तथा प्राधिकरण कार्यालय के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## भागवंती में अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में आचार्यों ने किया प्रतिभाग



मुजफ्फरनगर,18 दिसम्बर (बु.)। बुधवार को नई मंडी स्थित भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आचार्यों की "अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा-2024-25 आयोजित की गई।

उक्त परीक्षा तीन वर्गों में हुई जिसमें प्रथम वर्ग प्रवेशिका, द्वितीय वर्ग माध्यमा व तृतीय वर्ग में प्रज्ञा की परीक्षा हुई, जिसमें विद्यालय के समस्त आचार्यों ने यह परीक्षा दी। बैठक में कक्ष निरीक्षक प्रधानाचार्या सीमा गोयल व सेवानिवृत्त वरिष्ठ आचार्या नीलम अरोरा रही।

## पालिका इंटर कॉलेज निर्माण में खराब गुणवत्ता पर चेयरपर्सन खफा

### - जेई को जांच कर गुणवत्तापरक कार्य कराने के दिए निर्देश
### - गैरहाजिर मिले तीन कर्मियों का काटा एक दिन का वेतन



मुजफ्फरनगर,18 दिसम्बर (बु.)। पालिका चेयरपर्सन नगर क्षेत्र में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और अफसरों व कर्मचारियों को कार्य के प्रति जवाबदेह बनाने में सख्ती के मूड में दिखाई देने लगी हैं। ऐसे में लगातार औचक निरीक्षण व भ्रमण करते हुए जहां कार्यों की प्रगति को परखने में जुटी हैं, वहीं कार्यों की गुणवत्ता को भी जांच रही है। इस कड़ी में नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज में चल रहे निर्माण व मरम्मत कार्य को लेकर किए निरीक्षण में उन्होंने अनियमितता और खराब गुणवत्ता पर ठेकेदार के प्रति नाराजगी जताते हुए जेई निर्माण को जांच करने के निर्देश दिये हैं, वहीं ड्यूटी से नदारद तीन कर्मियों के वेतन पर रोक लगा दी है। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बीते दिवस नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया था। इस बीच मिली खामियों पर उन्होंने एक्शन लिया। टाउनहाल पहुंचने के बाद उन्होंने उपस्थिति पंजिकाओं का निरीक्षण किया, जिसमें कई अफसर व कर्मचारी गैरहाजिर मिले। इनमें राजस्व निरीक्षक विजय कुमार, बीसी वसीम अहमद, रोहित लहरी और अनुचर सोनू बिना पूर्व सूचना के गायब थे। चेयरपर्सन ने तीनों का एक दिन का वेतन आहरण पर रोक लगा दी है। साथ ही उन्होंने ईओ को निर्देश दिए कि सभी विभागों की उपस्थिति पंजिका मुख्य कार्यालय में ही रखी जायें और एक मूवमेंट रजिस्टर बनाया जाये, जिसमें कार्यालय छोड़ने से पूर्व अधिकारी व कर्मचारी अपने हस्ताक्षर से कारण का उल्लेख करते हुए एंट्री दर्ज करायेंगे। इसके बिना कोई भी अधिकारी, लिपिक या कर्मचारी कार्यालय से गायब नहीं रहेगा। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज के निर्माण कार्य में मिली खराब गुणवत्ता व अनियमितताओं को लेकर सख्त कदम उठाते हुए जेई निर्माण कपिल कुमार को जांच के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण में वहां पर कुछ कक्षों की दीवारों में दरारें पाई गई, जिन्हें भरने के बजाए ठेकेदार द्वारा पुट्टी भरकर छिपाने का काम किया। जेई को मौके पर बुलाकर ठेकेदार के कार्य में गुणवत्ता की कमी को लेकर कार्यवाही और जांच के साथ ही गुणवत्ता परक कार्य अपनी निगरानी में कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी 22 दिसम्बर को यूपी पीसीएस की परीक्षा के लिए विद्यालय के 20 कक्ष आवंटित किए है। ऐसे में अधिकारियों का निरीक्षण भी होना है, इसके दृष्टिगत भी निर्माण कार्य गुणवत्तापरक कराने पर जोर दिया है। वहीं विद्यालय में खराब जनरेटर ठीक कराने व मैदान के बीच बना मंच समतल करते हुए कोटा स्टोन के प्रयोग से नया मंच बनवाने के निर्देश भी जेई निर्माण को दिए गए हैं।

# गिरधारी लाल जैन मैमोरियल पब्लिक स्कूल में माता-पिता वंदन कार्यक्रम आयोजित







मुजफ्फरनगर,18 दिसम्बर (बु.)। बुधवार को श्री गिरधारी लाल जैन मैमोरियल पब्लिक स्कूल प्रेमपुरी की ओर से "माता-पिता वंदन कार्यक्रम" आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य जन मानस को भारत की अमूल्य संस्कृति "मातृ पितृ देवो भवः" से अवगत कराने के साथ बच्चों में सेवाभाव, प्रेम एवं आदर भाव जागृत करना था। कार्यक्रम का विशिष्ट बिंदु विद्यालय में कार्यक्रम में प्रथम पहुंचने वाले अभिभावकों को मुख्य अतिथि का दर्जा देते हुए उन्हें बुके एवं पटका भेंट कर स्वागत किया। अभिभावकों का बच्चों ने फूल बरसा कर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों, प्रिंसिपल अलका जैन व गंधर गौतम जैन द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। श्री गणेश वंदना के साथ शुरू कार्यक्रम में अलका जैन ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए बच्चों द्वारा मोबाइल फोन इस्तेमाल किए जाने से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देने के साथ बच्चों को मोबाइल फोन का प्रयोग न करने देने की अपील की। कार्यक्रम की श्रृंखला में कक्षा चार के विद्यार्थियों द्वारा अनेकों मंत्र मुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियां प्रस्तुत की, जिनमें मुख्य रूप से ट्रिब्यूट टू फार्मर्स, सेल्यूट टू आवर साइंटिस्ट्स, यादों की बारात, पूछेगी धरती, कहां गए वो लोग?, बच्चों की दुनिया मां, एक्साइल एंड रिटर्न ऑफ लॉर्ड रामा, राजस्थान का पपेट डांस, और योगा पिरामिड फॉर्मेशन रहा। प्रधानाचार्य अलका जैन एवं गंधर जैन ने बच्चों को प्रतियोगिताओं के लिए अवार्ड देकर सम्मानित किया। जिसमें आठवीं कक्षा के वंश गर्ग को "स्टूडेंट ऑफ द ईयर" अवार्ड, रोप स्किपिंग में ईशानी, काव्य, योगा मास्टर वेदांश, सिंगिंग सेंसेशन में आरुष, ग्रेट टैलेंट हंट में अविषा, डांसिंग स्टार अक्षित, वेदांशी, रिद्धि, आस्था एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में अमायरा, अनुष्का, युवीन, शिवान्या, रुद्राक्ष, आध्या एवं ट्रैश टु ट्रेजर में अविषा ने अवार्ड जीते। कार्यक्रम संचालन कक्षा चार के बच्चों परी, असगर, अंशिका, सिदरा (8), अंशुमान सैनी, वंश, आराध्या, मनस्वी एवं परी आदि बच्चों को विशेष सम्मान दिया। कार्यक्रम के अंत में कक्षा चार के सभी बच्चों ने माता-पिता का वंदन आरती के थाल द्वारा पुष्प वर्षा कर व माथे पर तिलक लगाकर किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनिका, नीतू, नेहा, मीनू, साक्षी, मोनिका, उर्वशी, रिया, मेघा एवं निधि का विशेष योगदान रहा।



## लगातार 11 घंटे बिजली बंद रहने से ग्रामीण हुए बेहाल

बुढ़ाना, 18 दिसम्बर (बु.)। बुधवार को दिन निकलने से पहले अर्धरात्रि में लगभग 02 बजे बंद की गयी बिजली बुधवार को दोपहर एक बजे के आसपास ही आई। इन पिछले 11 घंटों तक हजारों ग्रामीण बिना बिजली के बहुत ही परेशान देखे गये। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लॉक के युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा मंदवाडा ने बताया कि उनके गांव मंदवाड़ा में आज प्रथम रात्रि लगभग 02 बजे अचानक से बिना कोई भी सूचना दिए बिजली भगा दी गयी, जब सुबह तक भी लाइट नहीं आई, तो ग्रामीण पूरी रात बिना बिजली परेशान रहे। सुबह के समय किसी को पानी गर्म करना था, तो किसी को पशुओं का चारा काटने सहित अन्य कामों के लिए बिजली की जरुरत थी, लेकिन सुबह तो क्या दोपहर एक बजे के आसपास ही बिजली के दर्शन हुए। इस बीच 11 घंटे तक लगातार ग्रामीण बिना बिजली बहुत ही परेशान देखे गये। लाइट खरड़ बिजलीघर से बंद की हुई थी। पता चला कि कुछ खराबी आ गयी है। गांव मंदवाड़ा के साथ-साथ लुहसाना और हबीबपुर सीकरी गांव की बिजली भी 11 घंटे तक बंद रही। हजारों ग्रामीण बीती रात से लेकर दोपहर तक परेशान रहे और पशुओं को भी समय पर चारा पानी नहीं मिला और ग्रामीण भी परेशान देखे गये। कुल मिलाकर हजारों ग्रामीण परेशान देखे गये।

# राहुल के मुजफ्फरनगर दंगों पर बयान को लेकर छह जनवरी को सुनवाई

सुल्तानपुर, 18 दिसंबर (एजेंसी)। 2013 में मुजफ्फरनगर दंगों को लेकर एक बयान को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि के मुकदमें में गवाही दर्ज कर ली गई है। समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि केस में बुधवार को गवाही दर्ज की गई। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने मामले में अगली सुनवाई के लिए छह जनवरी की तिथि नियत की है। कोतवाली नगर के घरहा खुर्द गांव निवासी मो. अनवर ने वर्ष 2013 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का परिवाद कोर्ट में दायर किया था। उनका आरोप है कि 24 अक्तूबर 2013 को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के इंदौर में चुनावी सभा में कहा था कि उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के दंगा पीड़ित युवक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से संपर्क साध रहे हैं। राहुल गांधी के इस बयान से परिवादी मो. अनवर की भावनाएं आहत हुई थी। बुधवार को शहर के दरियापुर निवासी विशाल बरनवाल की गवाही दर्ज की गई। मामले में अगली सुनवाई छह जनवरी को होगी।

## हाईकोर्ट ने सहारनपुर के सीएमओ पर लगाया एक लाख का जुर्माना

प्रयागराज, 18 दिसंबर (एजेंसी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आदेश के बाद भी अस्पताल के लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं करने पर सहारनपुर के सीएमओ पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। कहा है कि सीएमओ आदेश व कानून की अनदेखी कर रहे हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनादी रमेश की खंडपीठ ने सहारनपुर के अनाया हेल्थ सेंटर व अन्य की दाखिल याचिका पर दिया। सहारनपुर में बाजोरिया रोड स्थित डॉ. अंशुल गुप्ता ने किराये का भवन लेकर अनाया हेल्थ सेंटर खोला था।

किराया-विलेख की समाप्ति के बाद मकान मालिक ने परिसर खाली करने के लिए कहा, जबकि, याची ने उक्त परिसर पर कब्जा जारी रखा गया। वहीं, मकान मालिक उषा गुप्ता ने बेदखली आवेदन दायर किया है। याची ने सिविल जज में वाद दाखिल किया। कोर्ट ने 23 फरवरी 2024 के आदेश से अस्थायी निषेधाज्ञा आदेश जारी कर दिया। इस दौरान याची ने सीएमओ कार्यालय में अस्पताल के नवीनीकरण के लिए आवेदन किया। मकान मालिक ने इसके खिलाफ मंडलायुक्त के यहां प्रार्थना पत्र दिया। मंडलायुक्त के निर्देश पर सीएमओ ने लाइसेंस नवीनीकरण के आवेदन को खारिज कर दिया। कहा कि विवादित परिसर के संबंध में किराया-विलेख की प्रति दाखिल नहीं की है। हाईकोर्ट की एक याचिका पर भी ध्यान नहीं दिया गया। इस पर याची ने हाईकोर्ट में एक और याचिका दाखिल की। याची अधिवक्ता अजय कुमार सिंह, आशीष सिंह ने दलील दी कि न्यायालय के पहले के आदेश का उल्लंघन किया गया है।


8267057775, 9997931317
दाँतों का अस्पताल
डॉ. मनु कुमार गर्ग (B.D.S.)
डॉ. निधि गर्ग (B.D.S.)
- Root Canal Treatment
- Crown & Bridge
- Fixed Orthodotic Treatment
- Cosmetic Filling
- Denture
- Dental Implant
- Extraction
- Ultrasonic Cleaning
समयः- सुबह 10 से 3 बजे व शाम 5 से 8 बजे तक
पता- प्रकाश चौक, ऋषि स्वीट्स के बराबर में, मुजफ्फरनगर


## जिला जज शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल



बुढ़ाना, 18 दिसम्बर (बु.)। कस्बे के तहसील सभागार में बुधवार को नई बार कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश अजय बेनीवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। तहसील सभागार में आयोजित बार कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का संचालन एल्डर कमेटी के अध्यक्ष हरबीर सिंह और संजीव पंवार ने किया। यहां पर जनपद न्यायधीश अजय बेनीवाल ने कहा कि सभी अधिवक्ता बार और समाज के हित में कानून के दायरे में रहकर कार्य करें। बुढ़ाना बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष विनोद त्यागी ने कहा कि आम आदमी की आज भी न्यायालय में आस्था है। उस आस्था को बनाए रखने के लिए हम सभी की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है। काम के चलते हमारे ऊपर पड़ने वाले दबाव का प्रभाव न्याय प्रक्रिया पर नहीं पड़ना चाहिए। बार महासचिव ओमपाल मलिक ने कहा कि कोई भी अधिवक्ता ऐसा काम ना करे, जिससे न्याय व्यवस्था पर कुठाराघात हो। बार के सदस्यों में काम की अधिकता के कारण कम्युनिकेशन गैप बन गया है, इसे समाप्त करना होगा। इस कार्यक्रम के दौरान नई कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की। इस दौरान तहसीलदार महेंद्र सिंह, मुजफ्फरनगर बार संघ अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट विनय बालियान, श्यामवीर सिंह, अंकित शर्मा, सुभाष राठी, प्रशांत शर्मा, रविकांत, बाबूसिंह राठी, सीमा पंवार, आकाश त्यागी, फिरोज मंसूरी, शिवम निमेष, अनिल कुमार, मौहम्मद मियां रिजवानी, आबाद कुरैशी, विश्वास त्यागी आदि मौजूद रहे।

## गोवा के सीएम की पत्नी ने संजय सिंह पर 100 करोड़ का मानहानि दावा ठोका

पणजी, 18 दिसंबर (एजेंसी)। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की पत्नी ने अपना नाम पैसे के बदले नौकरी घोटाले में घसीटने को लेकर आप सांसद संजय सिंह के खिलाफ 100 करोड़ रुपये का मानहानि का दावा ठोका है। अदालत ने इस पर मंगलवार को संजय को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने 10 जनवरी तक जवाब मांगा है। सांसद ने दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में सीएम की पत्नी सुलक्षणा सावंत के खिलाफ आरोप लगाए थे। सुलक्षणा ने इस मामले में बिचोलिम की दीवानी कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई।

इस पर संज्ञान लेते हुए न्यायाधीश ने सुनवाई की और संजय सिंह को नोटिस जारी किया। सुलक्षणा ने कोर्ट से अपील की है कि संजय सिंह से माफीनामा प्रकाशित कराया जाए और ऐसी बयानबाजी से रोका जाए।

# अब अलीगढ़ में मिला 50 साल पुराना मंदिर

अलीगढ़, 18 दिसंबर (एजेंसी)। जिले के थाना बन्ना देवी क्षेत्र में घनी मुस्लिम आबादी के मोहल्ला सराय रहमान की कंजर वाली गली में 50 साल पुराना मंदिर मिला है। मंदिर से देवी देवताओं की मूर्तियां गायब हैं। आज शिवलिंग को भी मिट्टी में दबाने की कोशिश की जा रही थी। इसकी सूचना मिलने पर बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और शिवलिंग को मिट्टी में दबाने का विरोध किया। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंदिर की धुलाई की और शिवलिंग की पूजा शुरू कर दी। मंदिर पर पूजा करने का सिलसिला लगातार जारी है। बताया जाता है कि इस क्षेत्र में कुछ साल पहले तक कंजर आबादी रहती थी जो इस मंदिर में पूजा पाठ करती थी। धीरे-धीरे कंजर आबादी में रह रहे लोग मुस्लिम समाज को अपने मकान बेचकर चले गए। तब से यह मंदिर इसी हाल में पड़ा था। बताया जा रहा है कि मंदिर को नुकसान पहुंचाकर मकान का निर्माण किया जा रहा था। इसी के तहत देवी देवताओं की मूर्तियां मंदिर से हटा दी गई और शिवलिंग को मिट्टी में दबाने का प्रयास चल रहा था। मंदिर के पीछे खाली स्थान में निर्माण चल रहा है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का कहना है कि वह खाली स्थान मंदिर का है, जिस पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। प्रशासन पूरे मामले पर नजर रखे हुए हैं। मौके पर पुलिसकर्मी तैनात हैं।

## दिल्ली एयरपोर्ट 150 गंतव्यों को जोड़ने वाला देश का पहला हवाई अड्डा बना

नई दिल्ली, 18 दिसंबर (एजेंसी)। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा 150 गंतव्यों को जोड़ने वाला देश का पहला हवाई अड्डा बन गया है। दिल्ली एयरपोर्ट का संचालन करने वाली कंपनी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने बताया कि रविवार को थाई एयर एशिया एक्स ने दिल्ली और बैंकॉक-डॉन मुआंग (डीएमके) के बीच सीधी उड़ानें शुरू की। यह दिल्ली हवाई अड्डे से जुड़ने वाला 150वां गंतव्य है। नए रूट पर सप्ताह में दो बार एयरबस ए330 विमानों का संचालन किया जाएगा। एयरलाइन जनवरी 2025 के मध्य तक फ्रीक्वेंसी को दो बार से बढ़ाकर चार बार करने की भी योजना बना रही है। डायल के एक अधिकारी ने बताया कि पिछले कुछ सालों में दिल्ली एयरपोर्ट से 20 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों को जोड़ा गया है। इनमें नोम पेन्ह, बाली डेनपसार, कैलगरी, मॉन्ट्रियल, वैंकूवर, वाशिंगटन, डलेस, शिकागो ओ'हारे और टोक्यो हनेडा शामिल हैं। भारत से लंबी दूरी की सभी जगहों में से 88 प्रतिशत जगहें दिल्ली से जुड़ी हुई हैं और भारत से रवाना होने वाली सभी लंबी दूरी की साप्ताहिक उड़ानों में से 56 प्रतिशत दिल्ली एयरपोर्ट से संचालित होती हैं। भारत से लंबी दूरी के यात्रियों में से लगभग 50 प्रतिशत ने दिल्ली हवाई अड्डे का चुनाव किया है। हवाईअड्डा से प्रतिदिन लगभग 1,400 उड़ानों की आवाजाही होती है।

## गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट पहुंचे सांसद जियाउर्रहमान बर्क

प्रयागराज, 18 दिसंबर (एजेंसी)। संभल हिंसा मामले में अपने खिलाफ दर्ज मुकदमों को रद्द कराने के लिए सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में उन्होंने कहा है कि वह एक पढ़े लिखे और शिक्षित सांसद हैं। आशंका जताई है कि पुलिस उन्हें कभी भी गिरफ्तार कर सकती है। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही मुकदमों को रद्द करने की गुहार लगाई है। संभल जिले में 24 नवंबर को कोर्ट के आदेश पर शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान दंगे भड़क गए थे। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई थी। सीओ समेत लगभग दो दर्जन लोग घायल भी हो गए थे। हिंसा के बाद पुलिस ने उपद्रवियों पर कई एफआईआर दर्ज कीं। इसमें से एक में सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क और सपा से शहर विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहैल इकबाल को भी नामजद किया गया है। सांसद बर्क पर आरोप है कि उन्होंने भड़काऊ भाषण देकर भीड़ को उकसाया, जबकि, सुहैल पर दंगाइयों को उकसाकर सीओ पर गोली चलवाने का आरोप है। इसके खिलाफ सपा सांसद ने मंगलवार को हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। बुधवार को याचिका पर रिपोर्टिंग सेक्शन ने हरी झंडी दे दी है। अब शुक्रवार को याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हो सकती है।

# गुड़ माफिया ने चौपट किया मंडी का धंधा

## - जिले में रोज अस्सी हजार मन गुड़ का उत्पादन, मंडी में आ रहा सात हजार मन

मुजफ्फरनगर, 18 दिसंबर (बु.)। व्यापारी ठाली बैठे हैं और गुड़ का तमाम व्यापारी माफिया के कब्जे में चला गया है। वे ना केवल बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी कर रहे हैं, बल्कि मंडी शुल्क का भी भारी चूना लगाया जा रहा है। नवीन मंडी स्थल पर एक समय साठ से सत्तर हजार मन की आवक थी, जो अब छह से सात हजार मन पर आ गिरी है। दी गुड़ खांडसारी एंड ग्रेन मर्चेंट्स ऐसोसिएशन ने गुड की तस्करी पर लगाम लगाने की मांग की है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना के तहत जिले में गुड़ को चुना गया है। देश विदेश में अपनी मिठास बिखरने वाला गुड अब यहां के व्यापारियों के ही कडुवा हो गया है। हालत यह है कि पिछले करीब डेढ़ दशक में गुड पर माफिया हावी हो गया है। गुड़ का उत्पादन तो बढ़ा है, लेकिन हालत यह है कि मंडी में सन्नाटा है। एक समय गुड से लदी गाड़ियों से लकदक रहने वाली गुड़ मंडी में कव्वे बोल रहे हैं। जिले में करीब साढ़े तीन हजार कोल्हू प्रतिदिन औसतन अस्सी हजार मन गुड़ बना रहे हैं, लेकिन हालत यह है कि यह गुड़ माफिया के जरिए सीधे दूसरे प्रदेशों को सप्लाई किया जा रहा है। नवीन मंडी स्थल पर गुड़ की आवक मात्र छह से सात हजार मन रह गई है। दी गुड़ खांडसारी एंड ग्रेन मर्चेंट्स ऐसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मित्तल तथा मंत्री हरिशंकर मूंधड़ा का कहना है कि दर्जनों ट्रकों में लादकर सीधे कोल्हुओं से गुड़ एकत्र कर दूसरे प्रदेश तथा यूपी के दूसरे हिस्सों में भेजा जा रहा है। यह लोग गुड़ की बड़े पैमाने पर तस्करी कर ना केवल जीएसटी चोरी कर रहे हैं, बल्कि मंडी शुल्क का भी चूना लगा रहे हैं। उनका कहना है कि सीधे कोल्हुओं से गुड़ खरीदकर गुड़ माफिया किसानों के नाम पर यह अवैध कारोबार कर रहे हैं। इससे मंडी में ना केवल कारोबार ठप्प है, बल्कि ट्रांसपोर्टरों और मजदूरों का हक भी माफिया मार रहे हैं। अनेक बार शासन को लिखे जाने के बावजूद इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बिना बिल के टैक्स चोरी कर डिब्बे खरीदकर उनमें गुड पैक कर बाहर भेजा जा रहा है। उन्होंने इस अवैध कारोबार पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने मंडी समिति से गुड माफिया पर लगाया गया दो लाख रुपये का शमन शुल्क भी वसूल करने की मांग की।

## दिनदहाड़े कलेक्ट्रेट के सामने अधिवक्ता की गोली मार कर हत्या

संभल, 18 दिसंबर (एजेंसी)। संभल जिले में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। बुधवार की सुबह श्रीनगर कनेटा गांव के पास हुई घटना से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बहजोई थाना इलाके में कलेक्ट्रेट के सामने गांव श्रीनगर कनेटा की चकरोड पर स्कूटी सवार अधिवक्ता की गोली मार कर हत्या कर दी गई। घटनाा बुधवार की सुबह 9:30 बजे हुई। घटना के समय अधिवक्ता गांव से दूध लेकर घर आ रहे थे। हत्यारे कौन थे और हत्या की वजह क्या रही? पुलिस छानबीन कर रही है। एसपी अनुकृति शर्मा और सीओ दीपक कुमार तिवारी एसओजी और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। घटनास्थल से कारतूस का एक खाली खोखा मिला है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बहजोई के गांव श्रीनगर कानेटा के रहने वाले अधिवक्ता सत्यपाल सिंह संभल बाईपास स्थित रेलवे क्रासिंग के पास परिवार के साथ रहते थे। चंदौसी जिला न्यायालय में प्रेक्टिस करते थे। रोजाना की तरह बुधवार की सुबह करीब 9:30 बजे वह गांव कनेटा से दूध लेकर स्कूटी से घर आ रहे थे। कलेक्ट्रेट के सामने चकरोड पर पहुंचे ही थे। अज्ञात हमलवरो ने ताबड़तोड़ गोली दाग दी। करीब चार से पांच राउंड फायर होने की बात सामने आ रही है। राहगीरों की सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची और अधिवक्ता को गंभीर हालत में सीएचसी ले गई। जहां से मुरादाबाद रेफर कर दिया।

## भारत में दूसरी बार पकड़ा गया स्टारलिंक डिवाइस

इंफाल, 18 दिसंबर (एजेंसी)। मणिपुर की राजधानी इंफाल में सुरक्षाबलों ने हाल ही में छापेमारी के दौरान हथियारों और गोला-बारूद के साथ कुछ इंटरनेट उपकरण जब्त किए हैं। बताया गया है कि यह छापेमारी 13 दिसंबर को की गई थी। भारतीय सेना के स्पियर कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जब्त की गई इन चीजों की तस्वीरें भी साझा कीं। मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच झड़प के चलते यहां सुरक्षाबलों की तरफ से हथियारों की बरामदगी आम बात है। हालांकि, जिन चीजों की तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें एक उपकरण पर ह्यस्टारलिंक' का लोगो मौजूद था। गौरतलब है कि स्टारलिंक दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क की कंपनी है। इस बरामदगी के बाद भारत की सुरक्षा एजेंसियों ने इस तकनीक के भारत में इस्तेमाल को लेकर जांच शुरू कर दी है। चौंकाने वाली बात यह है कि भारत में स्टारलिंक के डिवाइस की बरामदगी एक महीने के अंदर ही दूसरी बार हुई है। इससे पहले अंडमान-निकोबार पुलिस ने नवंबर के अंत में एक म्यांमार की एक मछली पकड़ने के लिए इस्तेमाल होने वाली नाव से 36,000 करोड़ कीमत के 6000 किलो नशीले पदार्थ और स्टारलिंक का एक डिवाइस जब्त किया था। ये स्टारलिंक का एक माइक्रो इंटरनेट डिवाइस था।

## बिजली के निजीकरण के मुद्दे पर यूपी विधानसभा की कार्यवाही स्थगित

**लखनऊ, 18 दिसंबर (एजेंसी)।** यूपी विधानमंडल सत्र के तीसरे दिन की कार्यवाही सपा नेताओं के हंगामे के बाद स्थगित हो गई। वहीं, सपा नेता अतुल प्रधान विधान भवन स्थित चौधरी चरण सिंह प्रतिमा के पास धरने पर बैठ गए। इसके पहले, सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई और विपक्ष ने सत्ता पक्ष पर बिजली के निजीकरण के मुद्दे को लेकर सवाल उठाए। सपा नेता ने कहा कि हमारी सरकार में बिजली व्यवस्था में सुधार हुआ था। इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम किया गया था। आज ये स्थिति है कि निजीकरण किया जा रहा है। इससे बिजली महंगी हो जाएगी। ऊर्जा विभाग पर सपा विधायक रागिनी सोनकर ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि समाजवादियों ने 17 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन किया। भाजपा की सरकार ने उसे डबल तक नहीं किया। आप ट्रांसफर बदलते है अगले पल वह खराब हो जाते हैं। समाजवादी पार्टी की देन है कि प्रदेश में बिजली है और आप उसके सहारे काम कर पा रहे है। बिजली विभाग को भाजपा बेंच रही है। इस पर ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने जवाब दिया और कहा कि योगी सरकार में करोड़ों लोगों को बिजली कनेक्शन दिए गए हैं और अब बिजली आना सिर्फ कुछ जिलों तक ही सीमित नहीं रह गया है।

## कांग्रेस खुद संविधान और आंबेडकर विरोधी: शाह

**नई दिल्ली, 18 दिसंबर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान डॉ. बीआर आंबेडकर को लेकर दिए बयान पर सियासत गरमा गई है। विपक्ष लगातार शाह से इस्तीफा मांग रहा है। अब गृह मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि दोनों सदनों में संविधान की गौरव गाथा पर चर्चा होनी थी। संसद में जब चर्चा होती है तो एक बात कॉमन होती है कि तथ्यों पर बात होनी चाहिए। मगर कांग्रेस कल से तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रही है। यह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आंबेडकर जी की विरोधी पार्टी है, कांग्रेस आरक्षण विरोधी और संविधान विरोधी पार्टी है। कांग्रेस ने सावरकर जी का भी अपमान किया, कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर संविधान के सारे मूल्यों की धज्जियां उड़ा दी, नारी सम्मान को भी वर्षों तक दरकिनार किया, न्यायपालिका का हमेशा अपमान किया, सेना के शहीदों का अपमान किया और भारत की भूमि तक को संविधान तोड़कर दूसरे देशों को देने की हिमाकत कांग्रेस के शासन में हुई। अमित शाह ने कहा, 'जब संसद में चर्चा चल रही थी, तो यह साबित हो गया कि कांग्रेस ने किस तरह बाबा साहेब आंबेडकर का विरोध किया। किस तरह कांग्रेस ने बाबा साहेब की मृत्यु के बाद भी उनका मजाक उड़ाने की कोशिश की... जहां तक भारत रत्न देने की बात है, कांग्रेस के नेताओं ने कई बार खुद को भारत रत्न दिया है। नेहरू जी ने 1955 में खुद को भारत रत्न दिया, इंदिरा गांधी ने 1971 में खुद को भारत रत्न दिया और बाबा साहेब को 1990 में भारत रत्न मिला, जब कांग्रेस पार्टी सत्ता में नहीं थी और भारतीय जनता पार्टी द्वारा समर्थित सरकार थी... आंबेडकर के प्रति नेहरू की नफरत जगजाहिर है।'

## संभल हिंसा की जांच स्वतंत्र एजेंसी से कराने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज

**प्रयागराज, 18 दिसंबर (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल में मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा मामले की जांच स्वतंत्र एजेंसी से कराने व हाईकोर्ट से इसकी निगरानी करने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका खारिज कर दी है। कहा कि सरकार पहले ही सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में न्यायिक आयोग गठित कर चुकी है। ऐसे में इस मामले में हस्तक्षेप करने की आवश्यकता नहीं है। यह आदेश न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ ने एसोसिएशन ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट की जनहित याचिका पर दिया। याचिका में संभल हिंसा की किसी स्वतंत्र जांच एजेंसी से जांच कराने, घटना में मरने वालों की संख्या और इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या को सार्वजनिक करने की मांग की गई थी। साथ ही दर्ज मुकदमे को वेबसाइट पर अपलोड करने व संभल के डीएम-एसपी, कमिश्नर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को पद से हटाने और उन पर कार्रवाई की मांग की गई थी। याची के अधिवक्ता एसएफए नकवी ने दलील दी कि मामले की जांच सीबीआई या किसी स्वतंत्र जांच एजेंसी से कराने की जरूरत है। एकत्र किए गए साक्ष्य नष्ट किए जा सकते हैं। वहीं, अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल और शासकीय अधिवक्ता एक संड दलील दी कि राज्य सरकार ने न्यायिक आयोग गठित कर दिया है। आयोग की ओर से एकत्र किए गए साक्ष्य जिला जज की देखरेख में रहेंगे। ऐसे में उनके नष्ट होने की आशंका जताना बेबुनियाद है।

## 27 साल पुराने मामले में आरोपी पर 1500 रुपये का जुर्माना

**मुजफ्फरनगर, 18 दिसम्बर (बु.)।** वर्ष 1997 में थाना छपार क्षेत्र के गांव परई में दो पक्षों के बीच मामूली विवाद कोा लेकर मारपीट व गाली गलौच हो गयी थी, जिसमें पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी थी। तभी से मामला कोर्ट में विचाराधीन चल रहा था। उक्त मामले की सुनवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम की पीठासीन अधिकारी आकांक्षा गर्ग की कोर्ट में हुई। कोर्ट में आरोपी प्रकाश निवासी परई पर आईपीएस की धारा 147, 504 व 7 सीएलए में आरोपी मानते हुए 1500 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई। इस मामले में अभियोजन की ओर से नीरज सिंह ने पैरवी की।

## मोबाइल हैक कर 6 लाख रुपये की ठगी

**मुजफ्फरनगर, 18 दिसम्बर (बु.)।** मीरापुर थाना क्षेत्र गांव कैथोड़ा निवासी अनुज कुमार ने साइबर क्राइम थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि मोबाइल पर एप्प के माध्यम से साइबर ठग ने उसका मोबाइल हैक कर लिया, जिसके बाद ठग ने पहले उसके खाते से 1 लाख 99 हजार रुपये निकाले, उसके बाद 10 लाख की एफडी पर लोन लेकर 4 लाख रुपये बैंक से निकाल लिये। पीड़ित ने उक्त पूरे घटनाक्रम की सूचना बैंक में देनी चाही तो वहां जाकर पता लगा कि साइबर ठगों ने बैंक के खाते से भी आठ हजार रुपये निकाल रखे हैं। कुल मिलाकर 6 लाख से ऊपर की ठगी की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# संदिग्ध लेबर लाने वाले आस मौहम्मद को शाहपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

### बघरा के यशवीर महाराज ने पुलिस से की थी रोहिंग्या मुसलमानों को लाने की शिकायत

**मुजफ्फरनगर, 18 दिसम्बर (बु.)।** कुछ दिन पूर्व शाहपुर के गांव कमालपुर, शिकारपुर आदि मदरसों व मस्जिदों में भट्टे पर लेबर मंगाने के नाम पर 15-20 लोग ठहराये जाने की सूचना थी, जिसकी सूचना बघरा आश्रम के पीठाधीश्वर यशवीर महाराज ने तत्काल पुलिस को दी थी और चेतावनी देते हुए कहा था कि उक्त लोगों के आधार कार्ड आदि देखकर पता लगाया जाये कि ये लोग हैं कहां से, इस मामले में पुलिस ने जब कमालपुर, शिकारपुर के मदरसों व मस्जिदों में छापामारी की तो वहां उन्हें मामूली सफलता हाथ लगी और एक दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। तब से अब तक उन दो लोगों का भी पूरी तरह से यह स्पष्टीकरण नहीं हो पाया कि वो लोग आखिर थे कौन, बाकी के 13-14 लोग कब और कहां गायब हो गये, इस बात का जवाब भी पुलिस द्वारा ठीक से नहीं दिया गया। अवकाश पर चल रहे शाहपुर थानाध्यक्ष दीपक चौधरी बुधवार को वापस लौटे तो उन्होंने लेबर लाने वाले ठेकेदार आस मौहम्मद उर्फ आशु को गिरफ्तार कर लिया, जिससे पूछताछ जारी है। मगर अभी भी यह पूरा मामला संदिग्ध ही दिखाई पड़ रहा है, क्योंकि पुलिस यह बता पाने में अभी तक असफल है कि आखिर सही मामला था क्या। अब देखना यह होगा कि उक्त मामले का कोई खुलासा भी हो पाता है अथवा नहीं, या फिर उक्त पूरे मामले पर लीपा-पोती कर दी जाती है। आपको बता दें कि यदि यशवीर महाराज पुलिस को इस मामले की सूचना न देते तो वह 15-16 लोग शाहपुर में ही भट्टे पर काम करने के नाम पर रख लिये जाते, जिसका किसी को पता तक भी नहीं चलता।

## कोठी में आग लगने से बुजुर्ग पति-पत्नी की मौत

**नई दिल्ली।** सफदरजंग एन्क्लेव स्थित एक कोठी में बुधवार तड़के लग गई। आग में बुजुर्ग दंपति की जिंदा जलकर मौत हो गई। आग तृतीय तल पर लगी थी। घर में रखा लाखों रुपये का कीमती सामान भी जलकर राख हो गया। दमकल विभाग की पांच गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। मृतकों की पहचान गोविंद राम नागपाल (80) तथा उनकी पत्नी शीला नागपाल (78) के रूप में हुई है। बुजुर्ग दंपति घर में अकेले रहते थे। उनका बेटा अमेरिका में है, जबकि बेटी पश्चिम विहार इलाके में रहती है। दमकल विभाग के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

## एटीएम कार्ड बदल कर पैसा हड़पने वाला दबोचा, 1.71 लाख बरामद

**मुजफ्फरनगर, 18 दिसंबर (बु.)।** थाना तितावी पुलिस द्वारा एटीएम कार्ड बदलकर पैसा हड़पने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 लाख 71 रुपये नगद व 9 एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। थाना तितावी पुलिस द्वारा एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 1 लाख 71 रुपये नगद व विभिन्न बैंकों के 9 एटीएम कार्ड बरामद किये गये। गत दिवस तितावी निवासी सुबोध कुमार द्वारा थाना तितावी को सूचना दी थी कि वह 15 दिसंबर को एटीएम पर बैलेंस चेक करने गया था तभी पीछे खडे एक व्यकित द्वारा उन्हें बैंक की स्लिप देने के बहाने उनका एटीएम कार्ड को बदल दिया। उन्हें इसकी जानकारी तब हुई जब उनके खाते से थोडा थोडा करके रुपये निकलने लगे। मामले की जांच के बाद अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा 1 लाख 71 रुपये व 9 एटीएम कार्ड बरामद किये गये। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम विकास पुत्र रामकुमार निवासी प्रशान्त कॉलोनी थाना बरवाला जनपद हिसार, हरियाणा बताया गया है।

# डीआरएम ने जाना सहारनपुर-टपरी तक रेल मार्ग का हाल



**मुजफ्फरनगर,18 दिसम्बर (बु.)।** दिल्ली मंडल के डीआरएम सुखविंदर सिंह बुधवार में दोपहर को स्पेशल ट्रेन से दिल्ली से मेरठ, मुजफ्फरनगर स्टेशन का निरीक्षण करते हुए टपरी स्टेशन पर पहुंचे। उन्होंने मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर करीब दस मिनट तक रूकने के साथ वहां हुए निर्माण कार्यों को देखने और गाड़ियों को रोकने के वक्त कोच संख्या को दर्शाने वाले पोल की व्यवस्था को नजदीक से परखा। इस बीच उन्होंने अधीनस्थों को निर्देशित किया कि वह यात्रियों के बैठने के साथ साफ-सफाई को दुरूस्त करने और यात्रियों को सुविधा व सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली-सहारनपुर रेलवे मार्ग पर अमृत भारत योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का धरातल पर सच जाने और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखने निकले डीआरएम सुखविन्दर सिंह का मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर रेलवे स्टेशन अधीक्षक समेत अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया। रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने के बाद डीआरएम सुखविन्दर सिंह वापस स्पेशल ट्रेन से मुजफ्फरनगर से टपरी होते हुए गुजर गए। निरीक्षण के दौरान इस बीच मुख्य रूप से डिप्टी चीफ इंजीनियर मनजीत सिंह, सीनियर डीसीएम बसंत कुमार समेत अन्य उत्तर रेलवे के अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसानों ने रोकी रेलें तो संचालन हुआ ठप्प, अब 30 दिसंबर को करेंगे पंजाब बंद

**चंडीगढ़, 18 दिसंबर (एजेंसी)।** पंजाब-हरियाणा की सीमा पर शंभू और खनौरी बॉर्डर पर चल रहा किसान आंदोलन तेज होगा। बुधवार को किसानों ने पूरे पंजाब में रेल रोको आंदोलन किया। दोपहर 12 से 3 बजे तक कई जगह ट्रेनें रोकी गई। वहीं अब किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने 30 दिसंबर को पंजाब बंद की कॉल दी है। केंद्र पर दबाव बनाने की रणनीति के तहत किसान नेताओं ने 30 दिसंबर को पंजाब बंद करने का एलान किया है। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि इमरजेंसी सेवाएं बहाल रखेंगे। हम दुकानदारों, धार्मिक संस्थाओं, व्यापार मंडल और ट्रेड यूनियनों से मीटिंग करेंगे। उनसे मांग करेंगे कि वह पंजाब बंद में सहयोग दें। इससे पहले आज पंजाब में किसानों ने तीन घंटे रेल पटरियों पर बैठ कर धरना दिया और जगह-जगह ट्रेनें रोकी। ट्रेनों का संचालन थमने से यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। लुधियाना के साहनेवाल में किसानों के रेलवे ट्रैक पर बैठने के कारण दिल्ली- अमृतसर-दिल्ली मार्ग पर ट्रेनों की आवाजाही थम गई। शान ए पंजाब एक्सप्रेस, कर्मभूमि एक्सप्रेस, सियालदाह एक्सप्रेस और दादर एक्सप्रेस सहित 4 यात्री ट्रेनें लुधियाना स्टेशन पर खड़ी रही। कई ट्रेनें सिग्नल के इंतजार में फिल्लौर, फगवाड़ा, जालंधर, ब्यास तथा खन्ना, सरहिंद, राजपुरा व अंबाला के नजदीक खड़ी रही। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन को 22 दिन पूरे हो चुके हैं, लेकिन केंद्र सरकार अभी तक किसानों से बात नहीं की। मोदी सरकार किसानों के मुद्दों को डीरेल करना चाहती है।

पंधेर ने कहा कि कुछ मीडिया वालों की तरफ से किसानों की दोनों यूनियनों को अलग-अलग बताया जा रहा है, जोकि सरासर झूठी अफवाहें फैला रहे हैं। किसान एकजुट हैं और मिलकर लड़ाई लड़ रहे हैं। पंधेर ने आरोप लगाया कि विपक्ष किसानों की आवाज संसद में नहीं उठा रहा है, जिससे किसानों की समस्याएं अनसुनी हो रही हैं। पंधेर ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी सवाल उठाया और पूछा कि वे किसानों के लिए क्या कर रहे हैं?

### कमेटी की ओर से बुलाई बैठक में जाने से किसानों का इनकार

शंभू बार्डर खोलने को लेकर किसानों से सीधी वार्ता करने के लिए सुप्रीम कोर्ट की ओर से बनाई कमेटी के साथ बैठक करने से किसानों ने साफ इनकार कर दिया है। कमेटी की ओर से बुधवार को बैठक बुलाई गई थी। कमेटी को भेजे पत्र में किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने लिखा है कि पहले से ही अंदेशा था कि कमेटियां सिर्फ खानापूर्ति के लिए बनाई जाती हैं। बावजूद इसके आप सभी का सम्मान करते हुए किसानों का प्रतिनिधिमंडल चार नवंबर को कमेटी के मेंबरों से मिला। लेकिन इतनी गंभीर स्थिति होने के बावजूद कमेटी अब तक शंभू व खनौरी बार्डरों पर जाने का समय नहीं निकाल सकी। इतनी देरी के बाद कमेटी सक्रिय हो सकी है, यह देखकर काफी दुख हो रहा है। क्या कमेटी उनकी मृत्यु का इंतजार कर रही थी। अपनी मेडिकल स्थिति व शंभू बार्डर पर दिल्ली कूच करने के समय घायल किसानों की हालत को देखते हुए दोनों मोर्चों ने फैसला लिया है कि किसान कमेटी के साथ बैठक करने में असमर्थ हैं। अब किसानों की ओर से अपनी मांगों को लेकर केवल केंद्र सरकार के साथ ही सीधी बातचीत की जाएगी।

## दो दिवसीय यात्रा पर कुवैत जाएंगे पीएम नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली, 18 दिसंबर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहयोग और साझेदारी को बढ़ाते हुए कुवैत की दो दिन की यात्रा पर जाएंगे। 43 सालों में यह किसी भारतीय पीएम की इस प्रमुख पश्चिम एशियाई देश की पहली यात्रा होगी। इस समय खाड़ी सहयोग परिषद की अध्यक्षता भी कुवैत के पास ही है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 21-22 दिसंबर को कुवैत का दौरा करेंगे। इस दौरान वह कुवैत के नेताओं के साथ विचार-विमर्श करेंगे। साथ ही भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात करेंगे। मंत्रालय का कहना है, भारत और कुवैत पारंपरिक रूप से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध साझा करते हैं, जो इतिहास में निहित हैं और आर्थिक और मजबूत लोगों से लोगों के संबंधों पर आधारित हैं। भारत कुवैत के शीर्ष व्यापारिक भागीदारों में से एक है। कुवैत में भारतीय समुदाय सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। इस महीने की शुरूआत में कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या ने भारत का दौरा किया था और प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात कर उन्हें देश आने का निमंत्रण दिया था।



# वन विभाग को ईख के खेतों में मिले गीदड़ के अवशेष

**बुढ़ाना, 18 दिसम्बर (बु.)।** जहां एक और 02 दिन पूर्व गायब हुई 02 भेड़ों का अभी तक भी पता नहीं लग पाया है, वहीं दूसरी ओर खेतों में समूह बनाकर गन्ने की छुलाई करने वाले ग्रामीणों की आंखों के सामने तेंदुआ बुधवार की सुबह एक गीदड़ को पकड़कर ले गया और उसको एक पेड़ पर बैठकर खाया और चला गया, जब मौके पर ग्रामीणों को गीदड़ के अवशेष मिले तो वे एकदम से सिहर गये। बुधवार की सुबह वन विभाग की टीम इस सूचना पर मौके पर पहुंची और तेंदुए की तलाश में काम्बिंग की, लेकिन तेंदुए का कोई भी सुराग नहीं लग पाया है। बीते दो दिन पूर्व भी तेंदुआ गांव राजपुर के जंगल से 02 भेड़ों को उस समय दबोचकर भाग गया था, जब समीपवर्ती गांव के दो चारवाहे अपनी भेड़ों के रेवड़ को जंगल में चरा रहे थे। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर वन विभाग क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार के नेतृत्व में जंगलों में काम्बिंग करनी शुरू कर दी थी, लेकिन तेंदुआ पकड़ना तो दूर वह दूर-दूर तक दिखाई भी नहीं दिया। ग्रामीणों में उस समय हड़कंप मच गया, जब बुधवार की सुबह राजपुर के जंगल में सैकड़ों ग्रामीणों के सामने आए एक तेंदुए ने चुपके से एक गीदड़ का शिकार कर लिया। कुल मिलाकर ग्रामीणों में अब इन 2 घटनाओं से भय का माहौल बना है।



# बिना रजिस्ट्रेशन सिजेरियन ऑपरेशन किए जाने की शिकायत पर कमल हॉस्पिटल सील

### एसडीएम जानसठ ने तहसीलदार व सीएचसी प्रभारी को भेज कराई कार्यवाही

**जानसठ, 18 दिसम्बर (बु.)।** बिना रजिस्ट्रेशन कस्बे में कई अस्पतालों में सिजेरियन ऑपरेशन किए जा रहे हैं, जिसकी शिकायत गत दिवस किसी व्यक्ति द्वारा एसडीएम जानसठ से की गयी। एसडीएम ने शिकायत का तुरंत संज्ञान लिया तथा तहसीलदार व सीएचसी प्रभारी को मौके पर भेजकर अस्पताल का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। मंगलवार की देर शाम किसी व्यक्ति द्वारा एसडीएम को शिकायत की गई कि कमल हॉस्पिटल में ओटी की परमिशन नहीं है, उसके बावजूद भी वहां सिजेरियन ऑपरेशन के द्वारा महिलाओं की डिलीवरी की जा रही है। मौके पर पहुंचे तहसीलदार सतीश चंद्र बघेल व सीएचसी प्रभारी ने एसडीएम सुबोध कुमार के निर्देश अनुसार कमल हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया, जहां दो महिलाओं की सिजेरियन ऑपरेशन डिलीवरी हुई पाई गई तथा महिलाओं ने नवजात दो बच्चों को जन्म दिया था। इसी के क्रम में बुधवार को तहसीलदार सतीश चंद्र बघेल व सीएचसी प्रभारी अजय कुमार ने कमल हॉस्पिटल के ऑपरेशन थिएटर पर सील लगा दी। ज्ञात रहे इससे पूर्व में भी यह कमल हॉस्पिटल बिना ऑपरेशन थिएटर की परमिशन के डिलीवरी करते हुए सील किया जा चुका है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के रहमो-करम के चलते बार-बार इसकी सील खोल दी जाती रही है। हालांकि इस दौरान कमल हॉस्पिटल पर कार्रवाई होते हुए देख अन्य प्राइवेट अस्पताल संचालकों में खलबली मच गई और अपने-अपने अस्पताल कुछ समय के लिए बन्द इधर-उधर हो गए। एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार ने बताया कि विगत कई दिनों से कस्बे के अस्पतालों में बिना परमिशन ऑपरेशन थिएटर में महिलाओं की सिजेरियन ऑपरेशन डिलीवरी होने की शिकायत मिल रही थी, जिसको लेकर मेरे द्वारा तहसीलदार व सीएचसी प्रभारी को मौके पर भेजकर निरीक्षण कराया गया, जो सही पाया गया। आज उसी क्रम में कमल हॉस्पिटल ऑपरेशन थिएटर को सील करा दिया और जिलाधिकारी को इस संबंध में लिखकर भेजा जा रहा है, इस पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकार के जो भी हॉस्पिटल क्षेत्र में चल रहे हैं, उनके खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।



## कांग्रेस पार्टी के विधानसभा घेराव के दौरान एक कार्यकर्ता की मौत, बेहोश हुए अजय राय

**लखनऊ, 18 दिसंबर (एजेंसी)।** विधानसभा घेराव के लिए बुधवार को किए गए प्रदर्शन में कांग्रेस के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई। कार्यकर्ता प्रभात पांडेय प्रदर्शन में शामिल होने के लिए लखनऊ आया था। उसके शव को सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां कुछ देर बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी पहुंचे। अजय राय के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी सिविल अस्पताल पहुंचे। वहीं, विधानसभा का घेराव करने के लिए लखनऊ कूच की तैयारी में लगे कांग्रेस नेताओं को बुधवार को प्रदेश के अलग-अलग जिलों में ही रोक लिया गया और वरिष्ठ नेताओं को नजरबंद कर दिया गया। लखनऊ में पार्टी कार्यालय पर पहुंचे कांग्रेसियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और ईको गार्डेन में जाकर छोड़ दिया। वहीं, जिन नेताओं ने भी विधान भवन पहुंचने का प्रयास किया पुलिस ने उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया। घेराव करने जा रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। धक्का-मुक्की के दौरान वो कुछ देर के लिए वह बेहोश हो गए। प्रदर्शन से लौटने के बाद अजय राय सिविल अस्पताल पहुंचे। इसके पहले बुधवार सुबह जैसे ही कांग्रेसी नेताओं का लखनऊ पहुंचना शुरू हुआ। उन्हें रोकने के लिए जिलों में कांग्रेस नेताओं को हाउस अरेस्ट किया जा रहा है और जगह-जगह बैरिकेडिंग कर दी गई। लखनऊ में कांग्रेस कार्यालय के बाहर आरएएफ (रैपिड एक्शन फोर्स) के जवानों की तैनाती कर दी गई। कांग्रेस कार्यालय के बाहर मौजूद नेताओं की गिरफ्तारी की तैयारी शुरू कर दी गई। इसके पहले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि हमारे कार्यकताओं को रोकने के लिए नुकीली बैरिकेडिंग की गई है। ये 'भाले' हमारे कार्यकर्ताओं को गंभीर चोट पहुंचाएंगे। ऐसा पहली बार हो रहा है। ये सरकार हमारे कार्यकर्ताओं को मारना चाहती है। गाजीपुर बॉर्डर पर हमारे कार्यकर्ताओं को रोका जा रहा है लेकिन हम इस सबके बाद भी विधानसभा में प्रवेश करेंगे।



## हमला करने का आरोप

**मीरापुर, 18 दिसम्बर (बु.)।** कस्बे की नई बस्ती निवासी एक युवक को मौहल्ले के रहने वाले युवकों ने घर में घुसकर धारदार हथियारों से हमलाकर घायल कर दिया। कस्बे की स्टेट बैंक शाखा के पीछे स्थित नई बस्ती निवासी जुबैर पुत्र गुलफाम ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि बुधवार की सुबह मौहल्ले में बॉलीबॉल खेलते समय उसकी पड़ौसी अरमान पुत्र आसिफ से कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद वह अपने घर आ गया था। आरोप है कि कुछ देर बाद अरमान धारदार हथियारों से लैस कई युवकों के साथ उसके घर आया और उस पर हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जानसठ सीएचसी भेज दिया।

## एटीएम बदलकर 50 हजार निकाले

**मीरापुर, 18 दिसम्बर (बु.)।** गांव कैथौड़ा निवासी आकिब पुत्र राशिद ने थाने में तहरीर देते बताया कि उसका एक खाता एचडीएफसी बैंक में है, बुधवार की शाम वह मीरापुर में बस स्टैंड के निकट स्थित पीएनबी के एटीएम पर रुपए निकालने गया था। इस दौरान यहां पहले से ही खड़े हुए तीन युवकों ने उसका एटीएम बदलकर पांच बार में 50 हजार निकाल लिए। पीड़ित के मोबाइल पर जब मैसेज आए तो उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी की जानकारी लगी।

## खोदाई के नाम पर भाईचारे को खत्म कर रही भाजपा : अखिलेश

**सहारनपुर, 18 दिसंबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में मस्जिदों में खोदाई के सवाल पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि खोदने से भाईचारा खत्म हो रहा है। भाजपा सरकार जान बूझकर ऐसा कर रही है। अखिलेश यादव हवाई जहाज से लखनऊ से सरसवा एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से बाय रोड अंबाला रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित शादी समरोह में शामिल हुए। यहां करीब 25 मिनट ठहरने के बाद उन्होंने मीडियाकर्मियों से बात की। इसके बाद वह पूर्व विधायक विरेंद्र ठाकुर के जैन कॉलेज रोड स्थित निवास पर पहुंचे, जहां करीब 20 मिनट तक रुके। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने सभी मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखी। मस्जिदों में खोदाई के सवाल पर उन्होंने भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने भाजपा सरकार और नेताओं पर संविधान को नहीं मानने का आरोप लगाया। कहा कि बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर देश के मजलूमों, दलितों, पिछड़ों और गरीबों के भगवान हैं, जिनको घर-घर में पूजा जाता है। उन्होंने संविधान के जरिए सभी को सम्मान और हक के साथ जीने का अधिकार दिया है। लेकिन भाजपा सरकार संविधान को नहीं मानती है।

## स्पा सेंटर का एक महीने पुराना वीडियो वायरल



**मुजफ्फरनगर, 18 दिसम्बर (बु.)।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र में रेलवे रोड के निकट स्थित एक स्पा सेंटर का एक महीने पुराना वीडियो वायरल हुआ है। उक्त वीडियो में महिलाएं एवं पुरुष आपस में भिड़ रहे हैं और जमकर हाथापाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि आपसी विवाद के चलते महिला एवं पुरुष में मारपीट हो रही है और उक्त मारपीट एक महीना पूर्व होने के बावजूद भी इसमें कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है। इसीलिए उक्त वीडियो को सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल कराया गया है। अब देखना यह होगा कि उक्त स्पा सेंटर का वीडियो वायरल होने के बाद भी कोई कार्यवाही होती है अथवा नहीं। फिलहाल यह वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है। उक्त वीडियो में साफ दिखाई पड़ रहा है कि मारपीट के साथ-साथ वीडियो में लाठी-डंडे भी चल रहे हैं।

# जम्मू-कश्मीर में दम घुटने से सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक समेत 6 लोगों की मौत

**जम्मू, 18 दिसंबर (वार्ता)** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में एक घर में रहस्यमयी परिस्थितियों में आग लगने से पूर्व पुलिस उपाधीक्षक समेत छह लोगों की दम घुटने से मौत हो गयी और चार अन्य बेहोश हो गये। पुलिस ने बुधवार को यहां बताया कि कठुआ के शिव नगर इलाके में सेवानिवृत्त डीएसपी अवतार कृष्ण (81) के घर में कल रात रहस्यमयी परिस्थितियों में आग लग गई। पुलिस ने कहा, ''दम घुटने से छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य बेहोश हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।'' कठुआ के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि मौत का कारण प्रत्यक्ष तौर पर दम घुटना है। मृतकों में चार नाबालिग भी शामिल हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान गंगा भगत (17) पुत्री भारत भूषण, दानिश भगत (15) पुत्र भारत भूषण निवासी शहीदी चौक, अवतार कृष्ण (81) निवासी वार्ड नं. 16, शिव नगर, कठुआ, केशव रैना (81) की 25 वर्षीय बेटी बरखा रैना, तीन वर्षीय बेटा तकाश रैना तथा जम्मू के जगती नगरोटा निवासी संदीप कौल का चार वर्षीय बेटा अदविक रैना के रूप में की गयी है। इस बीच, घायलों में अवतार कृष्ण की पत्नी स्वर्णा (61), निवासी शिव नगर, कठुआ, नीतू (40) पत्नी भारत भूषण, निवासी शहीदी चौक, कठुआ, अरुण कुमार (15) पुत्र सैन चंद, निवासी बटोत रामबन और केवल कृष्ण (69) पुत्र मनसा राम निवासी शिव नगर कठुआ शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया, ''कठुआ शहर के शिव नगर इलाके में आग की घटना के परिणामस्वरूप एक परिवार के छह सदस्यों की आकस्मिक मृत्यु के बारे में जानकर गहरा सदमा लगा।''उन्होंने कहा, ''शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करता हूँ। मैं जिला प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में हूं। मंडल अध्यक्ष राहुल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की हमारी टीम मौके पर सहायता कर रही है। ओम शांति।''

## भैंसा-बोगी से बाइक टकराने पर दो लोग घायल

**खतौली, 18 दिसम्बर (बु.)।** अलग-अलग दो बाइक सवार लोग बोगी से टकराकर गम्भीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार खतौली मीरापुर रोड पर नाले के निकट दो अलग-अलग बाइक सवारों के भैंसा-बोगी से टकराने पर बाइक सवार मुकेश पुत्र सुखराम निवासी शामली सहित छोटू पुत्र मुन्ना निवासी गांव तिसंग थाना जानसठ गम्भीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पुलिस द्वारा दोनों घायलों को एम्बुलेंस द्वारा तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




## लूट की झूठी सूचना पर दौड़ी पुलिस

**मुजफ्फरनगर, 18 दिसम्बर (बु.)।** मंगलवार देर रात नई मंडी कोतवाली पुलिस को स्कूटी सवार युवकों ने सूचना दी कि जानसठ पुल के पास एक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर उससे मोबाइल फोन और छह हजार रुपये लूट लिए हैं। लूट की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मामले की जांच की, तो मामला फर्जी निकला। थाना प्रभारी दिनेश चन्द्र बघेल ने बताया कि कमलनगर निवासी अभिषेक का दो दिन पहले पड़ोसी हिमांशु से गड़ा हो गया था। मंगलवार रात को जब वे स्कूटी से जानसठ पुल पर जा रहा था तो हिमांशु ने अपने चार दोस्तों के साथ उसे जानबूझकर ओवरटेक कर रोक लिया और आरोप लगा दिया कि उससे छह हजार रुपये की लूट की गई है। मगर पूरा मामला गलत पाया गया।

# 'अतुल प्रधान को उठाकर बाहर फेंक दो', विधानसभा अध्यक्ष ने दिया आदेश

**लखनऊ, 18 दिसंबर (एजेंसी)।** विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन विधानसभा में स्वास्थ्य व्यवस्था के मुद्दे पर सत्तापक्ष व विपक्ष में तीखी नोक झोंक हुई। आरोप-प्रत्यारोप के बीच सपा सदस्य अध्यक्ष के आसन के सामने आकर नारेबाजी करने लगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के खिलाफ असंसदीय नारे भी लगने लगे। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने इस पर आपत्ति जताई। अध्यक्ष ने समझाने का प्रयास किया लेकिन सदस्य नहीं माने। सपा सदस्य अतुल प्रधान व अध्यक्ष सतीश महाना के बीच बहस हो गई। अध्यक्ष ने शीतकालीन सत्र के लिए उन्हें निष्कासित कर दिया। अध्यक्ष के आदेश पर मार्शल ने सपा सदस्य को उठाकर बाहर कर दिया। इस दौरान सदन की कार्यवाही करीब एक घंटे तक बाधित रही। पहले तो सपा सदस्यों ने बहिर्गमन किया बाद में अध्यक्ष के आसन के सामने आ गए। नारेबाजी में कुछ असंसदीय नारे भी लगने लगे। वधानसभा अध्यक्ष ने ऐसी भाषा का प्रयोग न करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि मैं आपको निष्कासित कर सकता हूं। आपकी सदस्यता खत्म करवा दूंगा। बात न सुने जाने पर उन्होंने विधायक को पूरे शीतकालीन सत्र के लिए निष्कासित कर दिया। कहा कि आप जैसी भाषा का प्रयोग करेंगे तो उसी तरह की भाषा इधर (सत्ता पक्ष) से भी सुनने के लिए तैयार रहें। सपा सदस्यों ने झांसी मेडिकल कालेज में आग लगने से हुई 10 बच्चों की मौत का मुद्दा उठाते हुए प्रदेश में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था के आरोप लगाए थे। विपक्ष के आरोपों पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि आप जनता को गुमराह कर रहे है सदन को गुमराह कर रहे हैं। सपा के लोग विधानसभा में दी जाने वाली नोटिस पर आंख बंद कर साइन करते है। ये गले की खराश मिटाने के लिए यहां आते हैं इनके लिए डिस्पेंसरी में विक्स की गोली रख देंगे। इस पर सपा सदस्यों ने आपत्ति जताई तो उपमुख्यमंत्री ने कहा...पीछे से बहुत भाले फेंके गए हैं तो क्या हम रबड़ की गोली चलाएंगे। अतुल प्रधान ने आक्रामक तेवर दिखाए तो संसदीय कार्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण से उनकी कहा सुनी हो गई।




## भोपा क्षेत्र में फाइनेंस ऐजेंट से डेढ़ लाख की लूट से हड़कंप

**मुजफ्फरनगर, 18 दिसंबर (बु.)।** थाना भोपा क्षेत्र के भोकरहेड़ी-लकसर मार्ग पर बुधवार की शाम योगेंद्र नगर तिराहे के पास एक फाइनेंस कंपनी के एजेंट से करीब डेढ़ लाख रुपये लूटने की सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया। बताया गया है कि थाना सरसावा जनपद सहारनपुर के थाना सरसावा क्षेत्र के गांव मंदौर का निवासी सचिन मोरना में भारत फाइनेंस कंपनी में कार्य करता है । बुधवार की देर शाम सचिन क्षेत्र के गांव योगेंद्र नगर से किस्त के पैसे लेकर मोरना लौट रहा था, जैसे ही वह भोकरहेड़ी-लकसर पर पहुंचा तभी सामने से बाइक पर सवार दो बदमाश आए और उन्होंने अपनी बाइक उसकी बाइक के सामने रोक दी तथा एक बदमाश ने बाइक से उतरकर फाइनेंस एजेंट की बाइक पर आगे रखा बैग छीन लिया और फरार हो गए। सचिन की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों की तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला । मौके पर पहुंचे एसपी क्राइम तथा भोपा सीओ ने घटना के बारे में जानकारी की तथा पीड़ित ने बताया कि बैग में डेढ़ लाख रुपए की नगदी रखी हुई थी। सीओ देवव्रत वाजपेई ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है, सीसीटीवी देखे जा रहे हैं, तहरीर आने पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# उत्तराखंड में जनवरी से लागू होगी यूसीसी : धामी

**देहरादून, 18 दिसंबर (वार्ता)** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को कहा कि राज्य में जनवरी, 2025 से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस तरह उत्तराखंड, आजादी के बाद यूसीसी लागू करने वाला पहला प्रदेश बन जाएगा। आज सचिवालय में 'उत्तराखंड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड' (यूआईआईडीबी) की बैठक के दौरान, श्री धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने संकल्प के अनुसार, समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में होमवर्क पूरा कर चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मार्च 2022 में प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही प्रदेश में यूसीसी लागू करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति, गठित करने का निर्णय लिया गया था। इस क्रम में सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया। उन्होंने कहा कि समिति की रिपोर्ट के आधार पर सात फरवरी, 2024 को राज्य विधान सभा से यूसीसी विधेयक 2024 पारित किया गया। इस विधेयक पर राष्ट्रपति की सहमति मिलने के बाद 12 मार्च, 2024 को इसका नोटिफिकेशन जारी किया गया। श्री धामी ने कहा कि अब इसी क्रम में समान नागरिक संहिता, उत्तराखण्ड 2024 अधिनियम की नियमावली भी तैयार कर ली गई है। इस तरह उत्तराखंड, अब जनवरी से यह संहिता लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संहिता के प्रावधान लागू करने के लिए कार्मिकों को समुचित प्रशिक्षण देने के साथ ही, सभी तरह की आधारभूत सुविधाएं जुटा ली जाएं। साथ ही अधिक से अधिक सेवाओं को ऑनलाइन रखते हुए, जनसामान्य की सुविधा का ख्याल रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन सामान्य की सुलभता के दृष्टिगत यूसीसी लागू करने के लिए एक पोर्टल तथा मोबाइल एप भी तैयार किया गया है। ताकि पंजीकरण, अपील आदि की समस्त सुविधाएं ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य का यूसीसी कानून, सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की मूल भावना पर चलते हुए, समाज को नई दिशा देगा।



# 'एक देश-एक चुनाव' के लिए जेपीसी में अनुराग-प्रियंका समेत 31 सदस्य शामिल

**नई दिल्ली, 18 दिसंबर (एजेंसी)।** 'एक देश-एक चुनाव' बिल के लिए संयुक्त संसदीय कमेटी (खढउ) का गठन हो गया है। जेपीसी की इस कमेटी में लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सांसद शामिल हैं। 31 सदस्यों की इस कमेटी में अनुराग ठाकुर और प्रियंका गांधी समेत कई सांसदों का नाम शामिल है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वन नेशन वन इलेक्शन बिल को लोकसभा में स्वीकार कर लिया गया है। अब इसे खढउ के पास भेज दिया गया है। इस कमेटी की अध्यक्षता बीजेपी सांसद पीपी चौधरी करेंगे। वहीं, सीएम रमेश, बांसुरी स्वराज, पुरुषोत्तमभाई रुपाला, अनुराग ठाकुर, विष्णु दयाल राम, भतृहरि महताब, संबित पात्रा का नाम भी सदस्यों में शामिल है। इसके साथ ही, अनिल बलूनी, विष्णु दत्त शर्मा, प्रियंका गांधी वाड्रा, मनीष तिवारी, सुखदेव भगत, धर्मेंद्र यादव, कल्याण बनर्जी, टी.एम. सेल्वागणपति, जी.एम. हरीश बालयोगी, सुप्रिया सुले, श्रीकांत एकनाथ शिंदे, चंदन चौहान और बालशौरी वल्लभानेनी के नाम शामिल हैं। मोदी सरकार की अगली चुनौती इसे संसद से पास कराने की होगी। इस विधेयक को पारित करने के लिए लोकसभा और राज्यसभा दोनों में विशेष बहुमत की आवश्यकता है। अनुच्छेद 368 (2) ऐसे संशोधनों के लिए प्रत्येक सदन में उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत को अनिवार्य बनाता है।

## शादी के सात दिन बाद युवक ने दी जान

**झांसी, 18 दिसंबर (एजेंसी)।** झांसी के मोंठ के भरोसा गांव निवासी युवक ने शादी के महज सात दिन बाद ट्रेन से कटकर जान दे दी। बुधवार सुबह उसका शव भरोसा ओवरब्रिज से कुछ दूर रेल पटरी से बरामद हुआ। सूचना पर परिजन भी रोते-बिलखते पहुंच गए। परिजन उसके सुसाइड करने की वजह नहीं बता सके। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मोंठ के भरोसा गांव निवासी शिवम (21) पुत्र ठाकुरदास अहिरवार अपने जीजा के साथ रहकर गोल गप्पे की दुकान चलता था। 11 दिसंबर को उसकी शादी दतिया निवासी युवती से हुई थी। शादी के बाद से बहू घर में थी। परिजनों ने बताया कि बुधवार सुबह वह दुकान से सामान लाने की बात कहकर निकला था। काफी देर तक वापस न लौटने पर जब फोन किया तब वह स्विच ऑफ बताने लगा। दोपहर में उसका शव ओवर ब्रिज से कुछ दूर रेलवे ट्रैक पर खंभा संख्या 1180/12 के पास पड़ा मिला। थाना प्रभारी सरिता मिश्रा के मुताबिक उसके बीमार रहने की बात मालूम चली है। वह दवा भी लेकर आया था हालांकि परिजनों ने सुसाइड की वजह नहीं बताई है। शिवम माता-पिता की नौ संतानों में इकलौता पुत्र बचा था। उनके शेष संतानों की असमय मौत हो चुकी।